तापमान
अधिकतम 32.5 डिग्री
न्यूनतम 19.6 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि

रायपुर, शनिवार 9 नवंबर 2024

12 बृजमोहन अग्रवाल का रोड शो, सामाजिक समीकरणों...



16 45 करोड़ में बन रहे ट्राइवल म्यूजिक का काम अधूरा,...



# त्योहार खत्म अब फिर शुरू होगा पटरियों का कार्य, रेलवे ने 16 ट्रेनों को किया रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**अलग खबर**

त्योहारी सीजन खत्म होने के बाद अब रेलवे फिर पटरियों का कार्य शुरू कर रहा है। इसी क्रम में 16 से 19 नवंबर तक बिलासपुर रेल मंडल के करकेली स्टेशन को तीसरी रेल लाइन से जोड़ने यार्ड मॉडिफ़िकेशन का कार्य किया जाएगा। इस वजह से रायपुर व बिलासपुर से गुजरने वाली 16 अलग-अलग ट्रेनों को रद्द करने का फैसला रेलवे ने लिया है। इसमें रायपुर से गुजरने वाली दुर्ग-कानपुर व नौतनवा एक्सप्रेस भी शामिल है।

बता दें कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अनुनपुर-कटनी सेक्शन में कुल 165.52 किलोमीटर रेलवे लाइन का कार्य किया जा रहा है, जिसकी कुल लागत 1680 करोड़ रुपये है। अब तक इस सेक्शन में 101 .40 किलोमीटर रेलवे लाइन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। बिलासपुर- कटनी सेक्शन के करकेली रेलवे स्टेशन को तीसरी लाइन से जोड़ने से आधारभूत संरचना में विकास के साथ यात्री ट्रेनों की समय बद्धता में वृद्धि होगी।

## बिलासपुर रेल मंडल के करकेली स्टेशन को तीसरी रेल लाइन से जोड़ने किया जाएगा यार्ड मॉडिफिकेशन का कार्य

- रायपुर से गुजरने वाली दुर्ग-कानपुर व नौतनवा एक्सप्रेस रहेगी रद्द



**यह ट्रेन रहेगी रद्द**

- 16 नवंबर से 19 नवंबर तक जबलपुर से चलने वाली 11265 जबलपुर-अम्बिकापुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 17 नवंबर से 20 नवंबर तक अम्बिकापुर से चलने वाली 11266 अम्बिकापुर-जबलपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 15 नवंबर से 19 नवंबर तक बिलासपुर से चलने वाली 18247 बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 16 नवंबर से 20 नवंबर तक रीवा से चलने वाली 18248 रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 18 नवंबर को रीवा से चलने वाली 11751 रीवा-चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- 19 नवंबर को चिरमिरी से चलने वाली 11752 चिरमिरी-रीवा पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- 17 नवंबर को दुर्ग से चलने वाली 18203 दुर्ग-कानपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 18 नवंबर को कानपुर से चलने वाली 18204 कानपुर-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी। ⏭ शेष पेज 16 पर

## खबर संक्षेप

### स्टेट जीएसटी ने जब्त किए लाखों के इलेक्ट्रॉनिक सामान

**रायपुर।** स्टेट जीएसटी की टीम ने शुक्रवार को पंडरी स्थित पुराना बस स्टैंड में एक मालवाहक वाहन से लाखों रुपए के इलेक्ट्रॉनिक सामान जब्त किए हैं। तलाशी के दौरान जीएसटी की टीम ने मालवाहक वाहन से कपड़े तथा इलेक्ट्रॉनिक सामान से भरे 25 कार्टून जब्त किए। इनमें से 10 कार्टून में ई-वे बिल नहीं था। अन्य शेष कार्टून को केवल बिल्टी काटकर भेज दिया गया था। उक्त इलेक्ट्रिक सामान महाराष्ट्र नागपुर से मंगाया गया था। इलेक्ट्रिक सामान रायपुर के 15 कारोबारियों के बताए जा रहे हैं।

### सौम्या को ईओडब्ल्यू ने किया गिरफ्तार

**रायपुर।** आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में ईओडब्ल्यू ने जेल में बंद राज्य प्रशासनिक सेवा के निलंबित अफसर सौम्या चौरसिया को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। ईओडब्ल्यू ने सौम्या चौरसिया को विशेष न्यायाधीश निधि शर्मा की कोर्ट में पेश कर पूछताछ करने के लिए कस्टोडियल रिमांड पर लिया है।

### बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने पुलिस ने दिया सख्त मैसेज

# बेखौफ हुए अपराधियों पर सख्ती, राज्य बनने के बाद छत्तीसगढ़ में पांचवां एनकाउंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पुलिस के साफ्ट नेचर के कारण स्थानीय के साथ बाहरी गिरोह के बदमाश छत्तीसगढ़ की शांत फिजा में अपराध का जहर घोलने का काम कर रहे हैं। दुर्दांत बदमाशों को दुर्ग पुलिस ने शुक्रवार को सख्त मैसेज देते हुए एक बदमाश को एनकाउंटर में ढेर कर दिया। राज्य बनने के बाद छत्तीसगढ़ में पुलिस का यह पांचवा एनकाउंटर है। इनमें से तीन एनकाउंटर दुर्ग जिले की पुलिस के नाम पर दर्ज हैं।

दुर्ग पुलिस ने आतंक के पर्याय अमित जोश को एनकाउंटर में ढेर किया है। अमित के खिलाफ हत्या सहित कई गंभीर किस्म के 40 से ज्यादा अपराध दर्ज हैं। अमित के एनकाउंटर को ⏭ शेष पेज 16 पर




### सख्त क्राइम से निपटने सख्ती जरूरी

रायपुर में सीएसपी रहे तथा एएसपी के पद से सेवानिवृत्त राजीव शर्मा के मुताबिक राजधानी सहित प्रदेश में क्राइम का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। अपराधियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई कर जेल भेजती भी है, तो अपराधी कानूनी दांव पेंच का सहारा लेकर आसानी से जमानत लेकर जेल से छूट जाते हैं। इससे अपराधियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं और जेल से बाहर आने के बाद बदमाश गंभीर वारदात को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस अफसर के अनुसार बदमाशों को सख्त मैसेज देने अमित का एनकाउंटर जायज है।

### राज्य बनने के बाद एनकाउंटर का इतिहास

**मंदिर हसौद, संजय फौजी**

राज्य बनने के साथ ही रायपुर पुलिस ने एक भगोड़े सैनिक संजय फौजी का मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में वर्ष 2000-2001 में एनकाउंटर किया था। उसने सेना की रायफल चोरी कर कई डकैती की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस उसे गिरफ्तार करने गई, तो उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में पुलिस ने संजय को ढेर किया था।

**दुर्ग, गोविंद विश्वकर्मा**

एक अन्य मामले में दुर्ग पुलिस ने वर्ष 2004-05 में हिस्ट्रीशीटर बदमाश गोविंद विश्वकर्मा को ढेर किया था। गोविंद पर हत्या फिरौती, मारपीट, लूट, पुलिस पर हमला करने सहित कई गंभीर आरोप थे। पुलिस गोविंद को गिरफ्तार करने पहुंची, तो उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। इस पर पुलिस ने गोविंद को जवाबी कार्रवाई में ढेर कर दिया।

**छावनी, भिलाई नागेश**

वर्ष 2011-12 में छावनी पुलिस ने नागेश नाम के नक्सली को एनकाउंटर में ढेर किया था। नागेश के खिलाफ कई बड़े नक्सली घटना में शामिल होने के आरोप थे। इनपुट की सूचना के आधार पर पुलिस नागेश को गिरफ्तार करने पहुंची, तो नागेश ने भागने की कोशिश करते हुए पुलिस पर फायरिंग की। इसके बाद पुलिस की जवाबी कार्रवाई में नागेश मारा गया।

**कोरबा, चुन्नी लाल गर्ग**

बिलासपुर में गर्ग ब्रदर्स के नाम से आतंक का पर्याय बन चुके चुन्नीलाल गर्ग को कोरबा पुलिस ने एक दशक पूर्व एनकाउंटर में ढेर किया था। चुन्नीलाल शराब माफिया के लिए काम करता था। इसके साथ ही कारोबारियों से गुंडा टैक्स वसूली करने का काम करता था। चुन्नी लाल को पकड़ने गई पुलिस तो एक पुलिसकर्मी को ⏭ शेष पेज 16 पर

# प्रदीप उपाध्याय आत्महत्या मामले में जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- सामान्य प्रशासन विभाग ने संभाग कमिश्नर को दिए जांच के निर्देश

तहसील कार्यालय के लिपिक प्रदीप उपाध्याय की आत्महत्या मामले में अब राज्य सरकार ने भी जांच के आदेश दिए हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ की जिला इकाई द्वारा उपाध्याय आत्महत्या मामले में शासन से जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई थी। इस मांग पत्र के आधार पर सामान्य प्रशासन विभाग के अवर सचिव ने इस संबंध में संभाग कमिश्नर महादेव कावरे को पत्र लिखा है। इस पत्र में कहा गया है कि प्रदीप उपाध्याय के आत्महत्या मामले में जो सुसाइड नोट मिला है, उसके आधार पर इस मामले की जांच करें और अपने अभिमत के साथ इसकी रिपोर्ट शासन को ⏭ शेष पेज 16 पर

### पुलिस भी कर रही जांच

इस मामले की जांच पुलिस भी कर रही है। घटना के बाद पुलिस ने उपाध्याय के घर से सुसाइड नोट बरामद किया था। इस सुसाइड नोट के आधार पर पुलिस ने इसे आत्महत्या मानकर मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

### तय बिंदुओं पर करेंगे जांच

उपाध्याय आत्महत्या मामले में शासन ने जांच के निर्देश दिए हैं। सुसाइड नोट में लिखे बिन्दुओं के आधार पर इस मामले की जांच की जाएगी।

\- **महादेव कावरे,** कमिश्नर रायपुर संभाग






## खबर संक्षेप



### दिल्ली राज निवास में आज लोकरंजनी कार्यक्रम

**रायपुर।** संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से राज निवास गवर्नर हाउस कन्वेंशन सेंटर दिल्ली में 9 नवंबर को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर लोकरंजनी लोककला सांस्कृतिक मंच रायपुर की शानदार प्रस्तुति दी जाएगी। संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के संचालक विवेक आचार्य के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी युगल तिवारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस राज निवास में दिल्ली के एलजी विनय कुमार सक्सेना एवं संगीता सक्सेना के सानिध्य में गवर्नर हाउस दिल्ली में सांस्कृतिक संध्या में हाई-टी में आमंत्रित डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर कृत लोकरंजनी लोककला सांस्कृतिक मंच की मनोहारी प्रस्तुति दी जाएगी। इस अवसर लोकरंजनी के संचालक डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर, कलाकार रोहित कुमार साहू, मन्नूलाल वर्मा, बाहरू यादव, संध्या पडौती, ज्योति बंजारे, अनिल कुमार निषाद, ज्योति शर्मा, रामकृष्ण यादव, सती धीवर, ममता यादव एवं कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

### व्यय प्रेक्षक ने किया प्रत्याशियों के खर्च का निरीक्षण



**रायपुर।** दक्षिण विधानसभा निर्वाचन के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक कनुप्रिया दमोर ने शुक्रवार को प्रत्याशियों के खर्चों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी प्रत्याशियों के रैली तथा अन्य कार्यक्रमों के खर्च की जानकारी ली। कनुप्रिया दमोर ने सोशल मीडिया में किए जा रहे प्रचार का अवलोकन भी किया। उन्होंने प्रत्याशियों को निश्चित समय में खर्चों की जानकारी निर्वाचन आयोग की व्यय शाखा को देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### राजनैतिक विज्ञापनों का प्रमाणन जरूरी

**रायपुर।** सभी राजनैतिक दलों, रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के लिए उप निर्वाचन लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार मतदान दिवस एवं मतदान से एक दिन पूर्व मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों के विज्ञापनों का प्रमाणन मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) से अनिवार्य रूप से कराना होगा। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने निर्देश जारी किए हैं।

### मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक



**रायपुर।** स्वीप कार्यक्रम के तहत रायपुर दक्षिण विधानसभा में होने वाले उपचुनाव में मतदाताओं को मतदान करने के लिए विभिन्न मतदाता जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसके तहत क्षेत्र के मतदाताओं को निष्पक्ष व निर्भीक होकर शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करने जागरूकता रथ एवं नाटक के माध्यम से संदेश दिया जा रहा है। स्कूल-कॉलेजों में भी विविध रोचक प्रतियोगिताओं के माध्यम से भी मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

### त्रिलोकी मां कालीबाड़ी में जगद्धात्री पूजा कल

**रायपुर।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी त्रिलोकी मां कालीबाड़ी समिति डॉ. राजेंद्र नगर द्वारा 10 नवंबर को जगद्धात्री पूजा का भव्य आयोजन मंदिर परिसर में किया जा रहा है। कार्तिक माह शुक्ल पक्ष की नवमी के दिन आंवला नवमी के साथ ही जगद्धात्री पूजा का महापर्व शुरू होता है। समिति के सचिव विवेक बर्धन ने बताया कि रविवार सुबह से पूजा प्रारंभ होगी।

# अंबिकापुर विधानसभा नंबर वन, बनाए भाजपा के एक लाख से ज्यादा सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भाजपा का सदस्यता अभियान अंतिम चरण पर है। एक सप्ताह बाद अभियान का समापन हो जाएगा। अब तक 52 लाख से ज्यादा सदस्य बन गए हैं। प्रदेश की 90 विधानसभाओं में विधायक राजेश अग्रवाल की अंबिकापुर विधानसभा टॉप टेन में पहले नंबर पर है।

इस विधानसभा में एक लाख से ज्यादा सदस्य बन गए हैं। राजधानी रायपुर की चार विधानसभाओं में विधायक राजेश मूणत की विधानसभा रायपुर पश्चिम टॉप टेन में शामिल है। दो मंत्रियों ओपी चौधरी और लखनलाल देवांगन की विधानसभाएं भी टॉप टेन में शामिल हैं। भाजपा के सदस्यता अभियान में विधानसभा वार तो लक्ष्य तय नहीं किया गया है, लेकिन हर बूथ में दो सौ सदस्य बनाने का लक्ष्य जरूर तय है, इसी के साथ जिलों का भी लक्ष्य तय है। विधायकों के साथ सासंद का भी लक्ष्य तय किया गया है। सांसदों में एक ही सांसद जहां 20 हजार सदस्य के लक्ष्य के पार गए हैं, वहीं विधायकों में अब भी डेढ़ दर्जन दस हजार के लक्ष्य तक नहीं पहुंचे हैं। इसको लेकर राष्ट्रीय संगठन खफा भी है।

## राजधानी की पश्चिम विधानसभा टॉप टेन में दसवें नंबर पर



### ये हैं टॉप टेन विधानसभाएं

टॉप टेन विधानसभाओं में अंबिकापुर पहले नंबर पर है। यहां पर एक लाख दो हजार सदस्य बन गए हैं। विधायक और पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल की विधानसभा बिलासपुर 87300 सदस्य बनाकर दूसरे स्थान पर है। तीसरे नंबर पर पूर्व मंत्री और विधायक अजय चंद्राकर की विधानसभा कुरुद है, यहां पर 73900 सदस्य बने हैं। चौथे नंबर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक की विधानसभा बिल्हा है, यहां पर 66100 सदस्य बने हैं। पांचवें नंबर पर विधायक रिकेश सेन की विधानसभा वैशाली नगर है। यहां पर 65700 सदस्य बन हैं। खुद रिकेश सेन के खाते में 35 हजार से ज्यादा सदस्य हैं। छठे नंबर पर विधायक भावना बोहरा की विधानसभा पंडरिया है, यहां पर 64800 सदस्य बने हैं। खुद भावना बोहरा ने 20 हजार से ज्यादा सदस्य बनाए हैं। सातवें नंबर पर विधायक गजेंद्र यादव की विधानसभा दुर्ग शहर है। यहां पर 64300 सदस्य बने हैं। आठवें नंबर पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी की विधानसभा रायगढ़ है। यहां पर 63900 सदस्य बने हैं। नौवें नंबर पर उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन की विधानसभा कोरबा है, यहां पर 63200 सदस्य बने हैं। अंतिम नंबर दस पर विधायक और पूर्व मंत्री राजेश मूणत की विधानसभा रायपुर पश्चिम है, जहां पर 60800 सदस्य बने हैं।

## कांग्रेस देश की राष्ट्रीयता की भावना पर वार कर रही

# सीएम साय बोले- कांग्रेस जम्मू-कश्मीर में फिर लाना चाहती है आतंकवाद का काला दौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, कांग्रेस जम्मू-कश्मीर में फिर से आतंकवाद और अलगाववाद का काला दौर लाना चाहती है। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में धारा 370 और 35ए को फिर से लाने के नेशनल कांफ्रेंस के प्रस्ताव का समर्थन कर कांग्रेस ने देश को तोड़ने का कुचक्र फिर से चल दिया है।

श्री साय ने कहा, वहां विधानसभा में जो भी कुछ हुआ, वह पाकिस्तान और देश विरोधी लोगों को खुश करने के लिए किया गया, जम्मू-कश्मीर की जनता को गुमराह करने के लिए किया गया। श्री साय ने कहा, आज जो देश की एकता के लिए खड़े हैं, जम्मू-कश्मीर के विकास और शांति के पक्ष में खड़े हैं, उन्हें मार्शल के जरिये बेरहमी से जम्मू-कश्मीर विधानसभा से बाहर निकाला जा रहा है। कांग्रेस-एनसी, पीडीपी ये सब जम्मू-कश्मीर में फिर से आतंकवाद को लाना चाहते हैं। श्री साय ने कहा, यह कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस का राष्ट्रविरोधी एजेंडा है। शेख अब्दुल्ला से लेकर उमर अब्दुल्ला तक, भावनात्मक ब्लैकमेल करना उनकी दिनचर्या है। श्री साय ने कहा, जम्मू-कश्मीर धारा 370 तथा 35ए के काले साए से कब का निकल चुकी है। वह विकास के रास्ते पर चल पड़ी है लेकिन कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस, पीडीपी ये सब कश्मीर घाटी में आई शांति से परेशान हैं। ये जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद व अलगाववाद के काले दौर को वापस लाना चाहती है।

श्री साय ने कहा, हमारी सरकार ने वादा किया था कि जम्मू-कश्मीर को विधानसभा देंगे, चुनाव कराएंगे, केवल 5 साल के अंदर मोदी सरकार ने चुनाव कराए और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बहाल किया। हम आगे भी जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए काम करेंगे।

### सीएम साय की आज झारखंड में दो सभाएं

प्रदेश में राज्योत्सव निपटने के बाद अब प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को भी झारखंड चुनाव में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने झोंक दिया है। झारखंड में मुख्यमंत्री की शनिवार को दो सभाएं होंगी। आने वाले समय में मुख्यमंत्री की महाराष्ट्र में भी सभाएं होंगी। वैसे चुनाव का ऐलान होने से पहले भी मुख्यमंत्री की झारखंड में सभाएं हो चुकी हैं। चुनाव का ऐलान होने के बाद भी उनका एक दौरा हुआ है। अब वापस उनकी सभाएं कराई जा रही है। इधर झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने छत्तीसगढ़ के तीन दर्जन से ज्यादा नेताओं को वहां की विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी है। झारखंड में प्रदेश के नेताओं को 40 विधानसभाओं का जिम्मा दिया गया है। झारखंड में प्रदेश के कई मंत्रियों को भी जिम्मा दिया गया है। मुख्यमंत्री श्री साय शनिवार को रायपुर से विशेष विमान द्वारा सुबह को 9.20 बजे रांची के लिए रवाना होंगे। रांची से हेलीकाप्टर द्वारा वे सिमडेगा विधानसभा जाएंगे जहां पर उनकी 12.00 से 1.00 बजे तक सभा होगी। इस सभा के बाद वे मझगांव विधानसभा में सभा लेंगे। सभा के बाद वे वापस रायपुर आ जाएंगे।

#### झारखंड में इन मंत्रियों को जिम्मा

झारखंड के लिए प्रदेश के मंत्री केदार कश्यप, ओपी चौधरी, विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडेय, विजय बघेल, विधायक भावना बोहरा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण सिंह चंदेल को वहां पर कई विधानसभाओं का जिम्मा देकर क्लस्टर प्रभारी बनाया गया है। ये सभी नेता इस समय झारखंड में हैं। प्रदेश के मंत्री ओपी चौधरी को रामगढ़ और हजारीबाग जिले के विधानसभा की जिम्मेदारी मिली है। डिप्टी विजय शर्मा को गिरिडीह की जिम्मेदारी मिली है। सांसद विजय बघेल को सरायकेला, खरसावां के साथ चाईबासा की जिम्मेदारी दी गई है। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू को 4 विधानसभा सीटों का प्रभार दिया गया है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण सिंह चंदेल को जमशेदपुर की चार विधानसभाओं की जिम्मेदारी मिली है। विधायक भावना बोहरा को यहां पर ग्रामीण का प्रभार दिया गया है।

# 11 एएसपी और 25 डीएसपी का तबादला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



राज्य शासन के निर्देश पर पुलिस विभाग ने 11 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों के साथ ही 25 डीएसपी स्तर के पुलिस अफसरों का शुक्रवार को तबादला आदेश जारी किया है। जिन पुलिस अफसरों का तबादला आदेश जारी किया गया है, उनमें उन पुलिस अफसरों के नाम भी शामिल हैं, जो पिछले दिनों डीएसपी से एएसपी के पद पर प्रमोट हुए हैं।

राज्य शासन द्वारा जारी तबादला आदेश के मुताबिक जिन 11 अतिरिक्त पुलिस अधिक्षकों का स्थानांतरण किया गया है, उनमें मेघा टेंभुरकर का पुलिस मुख्यालय से दुर्ग अमलेश्वर, उमेश कश्यप बिलासपुर से जांजगीर चांपा, शैलेंद्र कुमार पांण्डेय बलरामपुर से धमतरी, गरिमा द्विवेदी बीजापुर से गरियाबंद, मोनिका ठाकुर कोरिया से बालोद, रिचा मिश्रा दुर्ग से ट्रैफिक एएसपी दुर्ग, राजेंद्र जायसवाल जांजगीर चांपा से बिलासपुर, निमिषा पांण्डेय बगीचा से सारंगढ़, यूलैंडन यार्क बागबाहरा से बीजापुर, उदयन बिहार डीएसपी बिलासपुर से एएसपी बिलासपुर, दिनेश कुमार सिन्हा बीजापुर से कांकेर।

### इन उप पुलिस अधीक्षकों का ट्रांसफर

जितेंद्र खुंटे बलरामपुर से चांपा, रागिनी मिश्रा धमतरी से कुरुद, इरफान हसन काजी बिजापुर से चंद्रखुरी, अकीक खोखर बीजापुर से महासमुंद, ललिता मेहर रायपुर से महासमुंद, रमेश चंद्र रायगढ़ से खैरागढ़ छुही खदान गंडई, मंजू लता बाज महासमुंद से जशपुर, मिलिंद पांण्डेय महासमुंद से बागबाहरा, दिलीप कोसले बस्तर से जशपुर, अरुण नेताम सूरजपुर से कोंडागांव, मयंक तिवारी मानपुर मोहला अंबागढ़ चौकी से मुंगेली, सतीश ठाकुर दुर्ग से नया रायपुर, रश्मित कौर चावला बिलासपुर से मुख्यालय बिलासपुर, कविता ठाकुर कोरिया से जांजगीर चांपा, सुमित गुप्ता सुकमा से शक्ति, शिवचरण सिंह परिहार बिलासपुर से ट्रैफिक बिलासपुर, आकर्षि कश्यप राजनांदगांव से दुर्ग, अखिलेश कौशिक रायगढ़ से कबीरधाम, मोनिका सिंह परिहार कबीरधाम से सहायक सेनानी कबीरधाम, संजय तिवारी कबीरधाम से सकरी बिलासपुर, अमरनाथ सिदार कांकेर से गृह मंत्री सुरक्षा, निमितेश सिंह बिलासपुर से कबीरधाम, आशीष शुक्ला रायपुर से कबीरधाम, सतीश धुर्वे कबीरधाम से दुर्ग, साधना सिंह मुंगेली से रायगढ़।

# प्रत्याशियों में किसी को सिलेंडर-गैस चूल्हा, तो किसी को सीसीटीवी कैमरा व रूम कूलर मिला चुनाव चिन्ह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा का उपचुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह के रूप में कई निर्दलीय सहित राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों को घरेलू वस्तुओं के साथ आवश्यक उपकरण के चित्र आबंटित किए गए हैं। इनमें किसी को गैस सिलेंडर, किसी को गैस चूल्हा, तो किसी को सीसीटीवी कैमरा एवं रूम कूलर का चिन्ह मिला है। इसके अलावा बाल्टी, कांच का गिलास, प्रेशर कुकर, एयरकंडीशनर, लैपटाप आदि जैसे चुनाव चिन्ह भी आबंटित किए गए हैं।

13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह नामांकन वापसी के बाद ही आबंटित कर दिया गया था। उपचुनाव में इस बार कुल 30 प्रत्याशी खड़े हुए हैं। इनमें भाजपा-कांग्रेस के अलावा 10 विभिन्न राजनीतिक दलों के तथा 18 निर्दलीय प्रत्याशी शामिल हैं। राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त पार्टी में भाजपा एवं कांग्रेस के चुनाव चिन्ह पहले से तय हैं। वहीं पंजीकृति राजनीतिक दलों के 10 प्रत्याशियों में राष्ट्रीय जनसभा पार्टी को नारियल फार्म, सर्वआदि दल को एयरकंडीशनर, राइट टू रिकॉल पार्टी को प्रेशर कूकर, धू सेना को अंगूठी, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी को आरी, राष्ट्रीय गोंडवाना पार्टी को कलम की निब सात किरणों के साथ, हमर राज पार्टी को बाल्टी, सुंदरसमाज पार्टी को कांच का गिलास, भारतीय सर्वजन हिताय समाज पार्टी को गन्ना किसान, शक्ति सेना को गैस सिलेंडर चुनाव चिन्ह मिला है।

### निर्दलियों को ये चिन्ह आवंटित

इसी प्रकार निर्दलीय प्रत्याशियों को गैस सिलेंडर, गैस चूल्हा, बांसूरी, फव्वारा, हीरा, नागरिक, लिफाफा, ट्रक, बैटरी टार्च, लैपटॉप, ऑटो रिक्शा, दूरबीन, सीसीटीवी कैमरा, हाण्डी, रूम कूलर, तरबूज, स्टाम्प्स, पानी का जहाज एवं शतरंत बोर्ड चुनाव चिन्ह मिला है।

# कांग्रेस नेता बोले- भाजपा ने रायपुर दक्षिण को विकास से दूर रखा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कांग्रेस नेताओं पूर्व महापौर सभापति प्रमोद दुबे, योग आयोग के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा, कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा, पार्षद प्रमोद मिश्रा, आकाश तिवारी, रितेश त्रिपाठी ने कहा, भाजपा ने रायपुर दक्षिण को विकास से दूर रखा। पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, भाजपा नेताओ में साहस हो तो भाजपा के द्वारा रायपुर दक्षिण में कराए गए कामों की सूची सार्वजनिक करें। 35 सालों में रायपुर दक्षिण की जनता सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं को तरसती रही। पूर्व महापौर एवं सभापति प्रमोद दुबे ने कहा, रायपुर विकास में वर्षों तक विधायक रहने वाले बृजमोहन अग्रवाल शहर के विकास के लिए कुछ नहीं किया। 15 सालों तक मंत्री थे जितना काम उन्होंने नहीं किया उसका दुगुना काम कांग्रेस की भूपेश सरकार के 5 सालों में हुआ।

### कांग्रेस सरकार में हुए कामों को गिनाया

लगभग 12 से 15 बार केन्द्र सरकार ने रायपुर के बहुत से अच्छे कार्यो को समय-समय पर इनाम दिया। श्री दुबे ने कांग्रेस सरकार में हुए कामों को गिनाया। उन्होंने कहा, कांग्रेस सरकार के समय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायपुर नगर निगम को बहुत ही ज्यादा धनराशि प्रदान की। 5 साल में रायपुर नगर निगम को जीतना पैसा मिला उतना पिछली सरकार में कुछ नहीं दिया।

# बृजमोहन अग्रवाल का रोड शो, सामाजिक समीकरणों को साधने में जुटे मंत्री, विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- छोटी बड़ी बैठकें लेकर जनता से किया सीधा संवाद



रायपुर दक्षिण उपचुनाव में भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। शुक्रवार को सांसद बृजमोहन अग्रवाल समेत करीब चार मंत्री और एक दर्जन से अधिक विधायकों ने भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी के पक्ष में माहौल बनाने के लिए जोरदार अभियान चलाया। रोड शो, जनसंपर्क और छोटी-बड़ी बैठकों के माध्यम से पार्टी नेताओं ने क्षेत्र के मतदाताओं तक पहुंचकर सुनील सोनी के लिए समर्थन जुटाया।

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने एक बार फिर रोड शो कर रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू के साथ क्षेत्र में भाजपा के पक्ष में माहौल बनाया। इस दौरान मतदाताओं को भाजपा सरकार की विकास योजनाओं और उपलब्धियों के बारे में बताया गया और सुनील सोनी को एक सक्षम और जिम्मेदार उम्मीदवार के रूप में प्रस्तुत उन्हें जिताने की अपील की। रायपुर दक्षिण में कमल खिलाने के लिए भाजपा के चार मंत्री सहित एक दर्जन से अधिक विधायक विभिन्न मंडल व वार्डो में जनता से मिलकर सुनील सोनी को जीत दिलाने की अपील कर रहे हैं। इनमे मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, टंकराम वर्मा, लक्ष्मी राजवाड़े, लखन देवांगन, विधायक अजय चंद्राकर, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, सुशांत शुक्ला, अनुज शर्मा, गुरु खुशवंत साहेब, गजेन्द्र यादव, ललित चंद्राकर, इंद्र कुमार साहू, रोहित साहू, पुन्नू लाल मोहले, अमर अग्रवाल, राजेश मूणत, योगेश्वर राजू सिन्हा, धरम लाल कौशिक ने पूरे क्षेत्र में जोर-शोर से जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान एक दर्जन से ज्यादा विधायकों ने छोटी बड़ी बैठकें लेकर सामाजिक समीकरणों को साधने का प्रयास किया गया।

# बैज बोले- जीएसटी दस्तावेज जांच के नाम पर सरकार व्यापारियों को कर रही परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, जीएसटी दस्तावेज की जांच के नाम पर भाजपा सरकार व्यापारियों का भयादोहन कर रही है। 1.50 करोड़ से ज्यादा से टर्न ओवर वाले व्यापारियों के दस्तावेजों की जांच भाजपा सरकार का व्यापारी विरोधी रवैया है। भाजपा सरकार व्यापारियों को टैक्स चोर समझ रही है। जब से राज्य में भाजपा की सरकार बनी है, जीएसटी के नाम पर व्यापारियों को परेशान कर रही है। यह सरकार का व्यापारियों पर अत्याचार है। भाजपा सरकार उद्योग व्यापार को चौपट करने वाला निर्णय ले रही है। जिन व्यापारियों उद्योगपतियों के दिए जाने वाले टैक्स के पैसे से सरकार विकास और राहत के काम करती है, उन्हीं व्यापारियों को परेशान किया जाना गलत है।

श्री बैज ने कहा, लगातार व्यापारियों के यहां सरकार ने जीएसटी के छापे डलवाए हैं। पहले सरकार द्वारा उनको परेशान करने ईवे बिल में छूट को समाप्त करने का निर्णय ले लिया था। अब व्यापारियों की दस्तावेजों की जांच कर रही है। पंजीयन के समय सभी दस्तावेज जांच कर पंजीयन कराया गया था फिर नए पंजीयन क्यों। कांग्रेस, सरकार के इस कदम का विरोध करती है। यह सरकार व्यापारी विरोधी सरकार है।



### भाजपा सरकार व्यापारी विरोधी

श्री बैज ने कहा, भाजपा की सरकार लगातार व्यापारी विरोधी निर्णय ले रही है। जमीनों के फ्री-होल्ड को बंद कर दिया, गाईड लाईन की दरों में 30 प्रतिशत छूट को समाप्त कर दिया, जीएसटी की जांच के नाम पर छापेमारी कर व्यापारियों को परेशान करना शुरू किया गया। उद्योगों की बिजली के दाम में बढ़ोतरी की गई।

## विमानतल पर मुलाकात कर 80 करोड़ की योजना को मंजूरी देने की रखी मांग

# रिंग रोड एक के लिए मूणत ने गडकरी से मांगा साढ़े 10 मीटर चौड़ा सर्विस रोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर पश्चिम के विधायक पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने टाटीबंध से तेलीबांधा के बीच रिंग रोड एक के लिए साढ़े दस मीटर चौड़ा सर्विस रोड करने की केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मांग की है। डिप्टी सीएम तथा पीडब्लूडी मंत्री अरुण साव के साथ केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को माना विमानतल पर एक ज्ञापन देकर सर्विस रोड की चौड़ाई बढ़ाने के लिए 80 करोड़ रुपए की योजना की मंजूरी की मांग की है।


ज्ञापन में कहा गया है कि 30 वर्ष पहले बने रायपुर के रिंग रोड-1 के किनारे का बड़ा हिस्सा विगत वर्षों में कामर्शियल एरिया के रूप में डेवलप हो चुका है। इस सड़क के दोनों किनारों पर बड़े कांप्लेक्स, शादी घर, शोरूम तथा कई मार्केट तो हैं ही, दोनों ओर घनी आबादी बस चुकी है। इस आबादी का एकमात्र सहारा रिंग रोड-1 के दोनों किनारों पर बना सर्विस रोड है, जो अधिकांशतः पांच-पांच मीटर ही चौड़ा है। जिसके कारण जाम की स्थिति तो बनती ही है, हादसों का खतरा भी बढ़ गया है। श्री मूणत ने बताया, इस सड़क पर अग्रसेन धाम टर्निंग, कृषि विवि टर्निंग, आर्चब्रिज टर्निंग, कटोरातालाब टर्निंग, संतोषीनगर टर्निंग, कुशालपुर टर्निंग, रायपुरा टर्निंग, भाठागांव टर्निंग और पचपेड़ीनाका टर्निंग में ट्रैफिक के हालात बुरी तरह बिगड़ चुके हैं। यहां लोगों को राहत देने के लिए अंडरब्रिज आदि बने हैं, लेकिन ट्रैफिक दबाव के समय ये नाकाफी साबित होने लगे हैं।



### सड़कें साढ़े 10-10 मीटर चौड़ी हो जाएंगी

श्री मूणत ने बताया, सर्विस रोड औसतन 5-5 मीटर ही चौड़ा है। उन्होंने कहा कि अगर दोनों सर्विस रोड की चौड़ाई 3.5-3.5 मीटर बढ़ा जाती है, तो सड़कें साढ़े 10-10 मीटर चौड़ी हो जाएंगी। अगर चौड़ाई बढ़ाने के बाद दोनों ही सर्विस रोड को वन-वे कर दिया जाएगा तो ये सुविधाजनक होने के साथ-साथ आकर्षक भी लगेंगी।

## खबर संक्षेप



### हाउसिंग बोर्ड कमिश्नर से मिलकर सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** रेसिडेंट कॉपरेटिव सोसाइटी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फेस-2 सेजबहार रायपुर के सदस्य हाउसिंग बोर्ड कमिश्नर कुंदन कुमार को कॉलोनी की समस्याओं के संबंध में ज्ञापन देने पहुंचे। सदस्यों ने बताया कि परिसर का बाउंड्रीवॉल अधूरा है, कमर्शियल कांप्लेक्स नहीं बनाया गया है, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं है, क्लब हाउस की सुविधा अब तक नहीं मिली, सेंट्रल गार्डन बारिश में पानी में डूब जाता है। इसके अलावा अन्य समस्याएं भी हैं। आयुक्त ने गंभीरता से उनकी समस्याएं सुनीं और एक सप्ताह के भीतर संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष अनिल सिन्हा, उपाध्यक्ष श्रीराम चौधरी, सचिव योगेश अग्रवाल, प्रवक्ता मुकेश मिश्रा, सदस्य देवेंद्र सिंह, आशुतोष दुबे, रामगोपाल वशिष्ठ, सीबीएल साहू, अमीरा राणा, टी. खलखो, स्निग्धा महापात्र, आरती दुबे शामिल थे।

### यशस्वी को रविवि से पीएचडी की उपाधि

**रायपुर।** सेंट विंसेज पैलोटी कॉलेज कापा रायपुर के शिक्षा विभाग में बतौर प्राध्यापक कार्यरत



यशस्वी लोणकर को रविवि ने शिक्षा विषय पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का शीर्षक इफेक्ट ऑफ प्लांड इंटरवेंशन प्रोग्राम ऑन ट्रांसफोबिया ऑफ हाईस्कूल स्टूडेंट्स रहा। उन्होंने अपना शोधकार्य कल्याण कॉलेज भिलाई की पूर्व उपप्राचार्य डॉ. पुष्पलता शर्मा के निर्देशन में किया।

### कोल ट्रेडिंग के नाम पर साढ़े 17 लाख की ठगी

**रायपुर।** गंज थाने में एक व्यक्ति ने कोल ट्रेडिंग के नाम पर तीन लोगों के खिलाफ 17 लाख 53 हजार रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, बृजेश सिंह की शिकायत पर संजय, शशांक तथा संध्या पाण्डेय के नाम पर ठगी की शिकायत दर्ज की गई है।

# चपटी नाक और झुके हुए कान, दुर्लभ बीमारी से पीड़ित बच्चे को डाक्टरों ने दिलाई राहत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

अलग खबर

चपटी नाक और झुके हुए कान की वजह से सामान्य बच्चों से अलग दिखने वाले मासूम का इलाज कर एम्स के डाक्टरों ने राहत दिलाई है। यूपी में रहने वाले माता-पिता उसे शिशु रोग विभाग में लेकर आए थे। जांच के दौरान उसे वुल्फ-हिर्शहॉर्न सिंड्रोम नामक आनुवांशिक विकार से पीड़ित पाया गया था। चिकित्सकों के अनुसार यह बीमारी काफी दुर्लभ होती है और पचास हजार में एक बच्चा इससे पीड़ित होता है। सामान्यतः इस बीमारी की वजह से बच्चे का जन्म के पहले मस्तिष्क अथवा अन्य अंगों का विकास नहीं हो पाता। पीड़ित सामान्य बच्चों की तुलना में अलग दिखता है, जिसकी वजह से कई बार वह उपेक्षा का शिकार भी हो जाता है। शिशु रोग विभाग में आए पीड़ित बच्चे की जांच के बाद इस बीमारी का पता चला। इसके साथ ही वह हृदय संबंधी समस्याओं से भी पीड़ित था। शिशु रोग विशेषज्ञ डा. तुषार बी. जगतापे और साइटोजेनेटिक्स लैब की प्रोफेसर डॉ. मनीषा बी. सिन्हा की कोशिशों के बाद मरीज को राहत मिली। बाल रोग विभाग की डॉ. तृप्ति सिंह ने बताया कि इस बीमारी का इलाज मरीज की समस्याओं से संबंधित लक्षण के आधार पर किया जाता है। साइटोजेनेटिक्स लैब में अब तक 140 मरीजों का परीक्षण किया गया है। वहां की रिपोर्ट के आधार पर डाउन सिंड्रोम, टर्नर सिंड्रोम और बैलेंस्ड ट्रांसलोकेशन्स सहित विभिन्न तरह की जन्मजात बीमारियों का इलाज किया गया। चिकित्सा अधीक्षक प्रो. डॉ. रेनू राजगुरु ने बताया कि एआईआईएमएस रायपुर में साइटोजेनेटिक्स लैब विशेष सेवाओं का प्रतिनिधित्व करती है, जो आनुवांशिक और गुणसूत्रीय विकारों के निदान और उपचार में अस्पताल की क्षमता को बढ़ाती है।

## इलाज के लिए एम्स के शिशुरोग विभाग में लेकर आए थे माता-पिता



### वायरोलॉजी लैब का भूमिपूजन

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में जैव-सुरक्षा स्तर-3 वायरोलॉजी लैब के भूमिपूजन के साथ सार्वजनिक स्वास्थ्य में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। इस लैब को आईसीएमआर द्वारा मंजूरी प्रदान की गई है। इस कार्यक्रम का नेतृत्व कार्यकारी निदेशक अशोक जिंदल ने किया। यह लैब माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा संचालित होगी और उन्नत वायरस अनुसंधान में सहयोग करेगी। विभागाध्यक्ष डॉ. अनुदिता भार्गव ने एंटीवायरल दवाओं के विकास में इसकी क्षमता को रेखांकित किया, वहीं लैब इंचार्ज प्रोफेसर डॉ. संजय नेगी ने सुरक्षित वातावरण में वायरस अनुसंधान के महत्व पर जोर दिया। यह लैब वायरल खतरों से निपटने की क्षमता को और मजबूत बनाने में मददगार साबित होगी।

# व्यावसायिक परिसर की पार्किंग को बना दिया गोदाम निगम ने किया सीलबंद



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी रायपुर के जोन-4 क्षेत्र अंतर्गत रवि नगर में निर्मित व्यावसायिक परिसर की पार्किंग को गोडाउन बनाकर उपयोग किया जा रहा था। इस मामले में निगम ने गोडाउन को सीलबंद करने की कार्रवाई करते हुए भवन मालिक को नोटिस जारी किया है। दरअसल शुक्रवार को नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा इस क्षेत्र का निरीक्षण करने निकले थे। इस दौरान कैलाश टॉवर व्यावसायिक परिसर में पार्किंग की जगह पर गोडाउन बना देखकर नाराजगी जताई और अधिकारियों को गोडाउन को तत्काल सीलबंद करने के निर्देश दिए, साथ ही भवन मालिक को नोटिस जारी करने कहा।

### कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश

कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे भी शहर का निरीक्षण करें और देखें कि इस तरह से अन्य किसी व्यावसायिक परिसर में पार्किंग स्थल का दुरुपयोग तो नहीं हो रहा है। अगर कहीं हो रहा है तो उस पर तत्काल कड़ी कार्रवाई करें। निरीक्षण के दौरान नगर निवेशक आभास मिश्रा, जोन कमिश्नर, कार्यपालन अभियंता सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## बीते साल से 25 फीसदी तक फसल खराब इसलिए कीमत ज्यादा

# बंगाल से 29 रुपए में आ रहा है आलू, थोक में 30, चिल्हर में 40 से 45 रुपए किलो

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

आलू की कीमत में लंबे समय से आग लगी हुई है। इसके पीछे का कारण बंगाल से आलू की आवक पर रोक रही। अब वहां से आवक पर रोक हटी गई है, पर कीमत कम नहीं हो रही है। हरिभूमि ने बंगाल के कुछ कारोबारियों से बात की, तो मालूम हुआ कि फसल कम होने के कारण इस बार कीमत ज्यादा है। बंगाल से रायपुर आलू 29 रुपए में आ रहा है। थोक कारोबारी तो महज एक रुपए का मुनाफा लेकर इसे 30 रुपए किलो के हिसाब से बेच रहे हैं, लेकिन चिल्हर का कोई माईबाप नहीं है। यह शहर में 40 से 45 रुपए में बिक रहा है। आलू की कीमत आमतौर पर चिल्हर में 20 रुपए के आस-पास रहती है। लेकिन बीते चार माह से इसकी कीमत 40 रुपए के पार है। पहले कीमत ज्यादा होने का कारण यह रहा कि बंगाल सरकार ने बंगाल से बाहर दूसरे राज्यों में आलू भेजने पर रोक लगा दी थी। ऐसे में बंगाल से आलू आ रहा था, लेकिन यह चोरी-छुपे आने के कारण ज्यादा कीमत पर आ रहा है, लेकिन अब रोक हटने के बाद भी कीमत कम नहीं हो रही है।



### बंगाल में कीमत 27 रुपए

छत्तीसगढ़ में बंगाल के साथ उप्र से आलू आता है। रायपुर, दुर्ग, बस्तर संभाग में बंगाल का आलू पसंद किया जाता है। यहां पर बंगाल से ही आलू आता है। बिलासपुर और सरगुजा संभाग में उप्र का गोला और पहाड़ी आलू पसंद किया जाता है। बंगाल से आने वाला आलू इस समय वहां से रायपुर आकर 29 रुपए किलो पड़ रहा है। बंगाल के कुछ थोक कारोबारियों से हरिभूमि ने बात की, तो उन्होंने बताया, इस समय बंगाल में बीते साल से 25 फीसदी कम होने के कारण कीमत इस समय 27 रुपए किलो है। छत्तीसगढ़ के रायपुर तक दो रुपए किलो भाड़ा लगता है।

### चिल्हर में भारी मुनाफाखोरी

बंगाल ने यहां पर भनपुरी की थोक मंडी में आने वाला 29 रुपए का आलू कारोबारी 30 रुपए के हिसाब से तीन हजार रुपए क्विंटल बेच रहे हैं। 40 किलो की बोरी 12 सौ में बेची जा रही है। लेकिन चिल्हर कारोबारी इसको 40 से 45 रुपए में बेच रहे हैं। शास्त्री बाजार सहित कुछ बड़ी सब्जी मंडी में आलू 40 रुपए में मिल रहा है, लेकिन छोटी सब्जी मंडियों और किराना दुकानों में यह 45 रुपए किलो में बिक रहा है। चिल्हर कारोबारी कहते हैं, हम भनपुरी जाकर तो एक बोरी नहीं ला सकते हैं। इसलिए आस-पास के थोक कारोबारियों से लेते हैं। वहां से हमको 34 से 35 रुपए में आलू मिलता है। एक बोरी में तीन से पांच किलो आलू खराब भी निकल जाता है। ऐसे में इसको 40 रुपए में बेचना संभव नहीं होता है।

### फसल खराब हुई

बंगाल में इस समय आलू की कीमत 27 रुपए है। फसल खराब होने से कम फसल होने के कारण कीमत ज्यादा है।

**- सीबू प्रसाद दत्ता**
थोक कारोबारी, कोलकाता, बंगाल

# कारोबारी परिवार के नौ लोगों के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर सिविल लाइंस पुलिस ने अपराध दर्ज किया

मकान कब्जा करने की बात को लेकर मारपीट, घर में बेजा प्रवेश कर तोड़फोड़ करने के मामले में प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट भारती कुलदीप के आदेश पर सिविल लाइंस पुलिस ने कारोबारी परिवार के नौ लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने कारोबारी परिवार के खिलाफ आईपीसी की धारा 294, 323, 34, 427, 448 तथा 451 के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक सिविल लाइंस स्थित कटेला भवन निवासी प्रशांत कटेला की शिकायत पर पुलिस ने टैगोर नगर निवासी मुकेश भंसाली के साथ जयंती, राजेंद्र, संजय, गौरव, सिद्धार्थ, अंकित, सौरभ तथा छोटू भंसाली के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रशांत ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि पिछले वर्ष 31 मई को मुकेश तथा उसके परिवार के सदस्य लाठी-डंडे से लैस गुंडे लेकर उसके घर पहुंचे थे और घर में तोड़फोड़ करने के साथ ही लोगों के साथ मारपीट करते हुए जगह खाली करने के लिए कहा।

### कार्रवाई नहीं होने पर कोर्ट में फरियाद

घटना के बाद प्रशांत ने सिविल लाइंस थाने में शिकायत दर्ज कराई। कार्रवाई नहीं होने पर प्रशांत ने सीएसपी सहित अन्य पुलिस अफसरों को पत्र लिखा। बावजूद इसके किसी तरह से कोई कार्रवाई नहीं होने पर प्रशांत ने अपने वकील के माध्यम से कोर्ट में परिवाद दायर किया। साक्ष्य के रूप में प्रशांत ने मोबाइल से बनाया वीडियो कोर्ट के सामने पेश किया।

# अवैध दुकानों पर निगम सख्त, महादेवघाट से 10 एवं अमलीडीह रोड से एक हटाई गई





हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

दीपावली त्योहार के बाद नगर निगम प्रशासन ने अब निजी एवं शासकीय भूमि पर अवैध रूप से दुकानों का निर्माण कर संचालित करने वालों के खिलाफ सख्ती दिखाना शुरू कर दिया है। शहर के महादेव घाट के पास निजी भूमि पर अवैध रूप से दस दुकानों का निर्माण किया गया था, वहीं अमलीडीह मुख्य मार्ग पर शासकीय भूमि पर एक कबाड़ी की दुकान खुल चुकी थी। निगम की टीम ने शुक्रवार को इन सभी अवैध दुकानों को तोड़कर हटाने की कार्रवाई की।

### 3 नोटिस के बाद तोड़ी गई दुकानें

जोन 8 कमिश्नर एके हालदार ने बताया कि महादेव घाट के नजदीक एक व्यक्ति ने अपनी 6420 वर्गफीट निजी भूमि पर 10 दुकानों का निर्माण निगम की अनुमति बिना कराया है। निगम ने इस संबंध में दुकान मालिक को निवेश विभाग से 3 बार नोटिस भी जारी किया था। इसके बाद भी दुकानदार ने न ही दुकानों को वैध कराने के लिए कोई प्रक्रिया का पालन किया और न ही दुकानों को स्वतः हटाने की कार्रवाई की। टीम ने इस मामले में अब नियमानुसार कार्रवाई करते हुए सभी दुकानों को तोड़कर हटाने की कार्रवाई की। यह कार्रवाई पुलिस बल की मौजूदगी में की गई।

### *शासकीय भूमि पर संचालित की जा रही थी कबाड़ी की दुकान*

*इसी प्रकार अमलीडीह मुख्य मार्ग पर भी एक कबाड़ी कारोबारी ने शासकीय भूमि पर जमीन पर कब्जा कर अवैध रूप से वहां कबाड़ी की दुकान खोलकर ली थी। यह दुकान पिछले कई महीनों से संचालित थी। जोन-10 कमिश्नर राकेश शर्मा ने बताया कि शासकीय भूमि पर कबाड़ी की दुकान संचालित करने की जानकारी मिलते ही इस दुकान को तत्काल हटाने की कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में मुख्य मार्ग पर डेयरी का भी संचालन किया जा रहा है। इस डेयरी का 25 प्रतिशत भाग शासकीय भूमि पर संचालित है। इसे देखते हुए संचालक को नोटिस जारी कर 20 दिन के भीतर डेयरी स्वयं से हटाने के निर्देश दिए हैं। समय-सीमा में संचालक द्वारा डेयरी नहीं हटाने पर निगम की टीम इसे भी तोड़कर हटाने की कार्रवाई करेगी।*

**आम-सूचना**

**(ग्राम नाहनाचंडी, तहसील अभनपुर ख.नं. - 955/3 रकबा 0.10 हे. याने 25 डिसमिल भूमि के संबध मे )**

सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने डोमार साहू पिता स्व. कामता प्रसाद साहू, कास्तकार - ग्राम नाहनाचंडी, तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि वाके मौजा ग्राम नाहनाचंडी, प.ह.नं.- 23, रा.नि.मं. अभनपुर, तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. मे स्थित खसरा नं.- 955/3 रकबा - 0.10 हे. याने 25 डिसमिल भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर इस आशय का अग्रिम ब्याना अदा कर अपने पक्ष में विक्रय इकरारनामा निष्पादित करा लिया गया तथा मात्र बैनामा पंजीयन कराना शेष है ।

अतः उपरोक्त संपत्ति के स्वामित्व आधिपत्य एवं अंतरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति बैंक संस्था निकाय बोर्ड, प्राधिकरण शासन एवं प्रशासन आदि को उक्त संव्यवहार पर उजर, दावा आपत्ति हो तो मेरे समक्ष मेरे नीचे लिखे पते पर मय दस्तावेज आपत्ति इस आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिनों के अंदर प्रस्तुत करे अन्यथा समयावधि पश्चात मेरे पक्षकार उपरोक्त संपत्ति का बैनामा पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा बाद म्याद की गयी आपत्ति अवैध एवं शून्य होगी जो मेरे पक्षकार पर बंधन कारी नहीं होगी।

अतः सो सूचना जाने।
अभनपुर जिला रायपुर छ.ग.
दिनांक :- 06/11/2024

भवदीय
**चेमन सिंह ठाकुर अधिवक्ता / नोटरी**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 01 रायपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भः- जिला- **रायपुर** तहसील-**रायपुर** प.ह.न.- **00081 धनेली-दो** ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. **CT202425440726500001**

**ईश्तहार**

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00081 के अंतर्गत ग्राम **धनेली-दो** के वर्तमान भूमिस्वामी **चंद्रशेखर पि. तखत राज परिहार पिता/पति- पता-लक्ष्मी नगर** के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 151/4 (0.2020) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता **पुष्पा सिंह पिता/पति स्व. चंद्रशेखर सिंह परिहार पता, दिग्विजय सिंह परिहार पिता/पति स्व. चंद्रशेखर सिंह परिहार पता, पूजा सिंह पिता/पति स्व. चंद्रशेखर सिंह परिहार पता-** के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 18/11/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय **न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 01 रायपुर** पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता /आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18/10/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
**अतिरिक्त तहसीलदारः**
**Vinod Sahu**
**रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 01 रायपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भः- जिला- **रायपुर** तहसील-**रायपुर** प.ह.न.- **00081 धनेली-दो** ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. **CT202425440726500002**

**ईश्तहार**

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00081 के अंतर्गत ग्राम **धनेली-दो** के वर्तमान भूमिस्वामी **चंद्रशेखर सिंह परिहार पिता/पति-पिता तखतराज सिंह परिहार पता-सा.लक्ष्मी नगर रायपुर** के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 174/20 (0.1700) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता **पुष्पा सिंह पिता/पति स्व. चंद्रशेखर सिंह परिहार पता, दिग्विजय सिंह परिहार पिता/पति स्व. चंद्रशेखर सिंह परिहार पता, पूजा सिंह पिता/पति स्व. चंद्रशेखर सिंह परिहार पता-** के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 18/11/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय **न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 01 रायपुर** पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता /आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18/10/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
**अतिरिक्त तहसीलदारः**
**Vinod Sahu**
**रायपुर (छ.ग.)**

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण 1. श्रीमती मिथलेश फरकी पति श्री होरी लाल फरकी, 2 श्रीमती केशर धीवर पति श्री रामजी धीवर 3. दुर्गा सपहा पति स्व. श्री रमेश तारक सभी पिता स्व. श्री किशुन राम सपहा सभी माताजी स्व. श्रीमती गौरी बाई सपहा निवासी क्रमशः रायपुरा, रायपुर छ.ग., मठपारा, रायपुर छ.ग. व गनौद रायपुर छ.ग. के पिताजी स्व. श्री किशुन राम सपहा की हक आधिपत्य व स्वत्व की संपत्ति कृषि भूमि खसरा नंबर 124/5 रकबा 0.3560 हेक्टेयर जो कि मौजा सेजबहार प.ह.नं.-82, रानिमं. रायपुर 18-कांदुल तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में धारित किया जाता था, किशुन राम सपहा की मृत्यु उपरांत उनके पुत्र हेमन्त कुमार सपहा पिता श्री किशुन राम सपहा निवासी दतरेंगा तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा गलत व अवैधानिक तरीके से मेरे पक्षकारगण का नाम छिपाते हुए उक्त वर्णित संपत्ति को अपने स्वयं व माताजी गौरी बाई सपहा के नाम पर नामांतरण करा लिया गया, तथा नामांतरण कराने पश्चात माताजी से पंजीकृत हक त्याग विलेख निष्पादित कराकर समस्त भूमि को अपने अकेले के नाम पर नामांतरित करा लिया गया है, जिसे विक्रय करने हेतु पक्का सौदा तय कर बयाना राशि प्राप्त कर लिया है, अब सौदे की शेष राशि प्राप्त कर विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन कराया जाना शेष है।

अतः उपरोक्त संपत्ति के सौदे व संव्यवहार के संबंध में समस्त बैंक, व्यक्ति, संस्था, साहूकार, निगम व निकाय इत्यादि को इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त वर्णित संपत्ति को क्रय न करें, उसमें मेरे पक्षकारगण का हक, हित, स्वत्व व हिस्सा समाहित है, जिस हेतु मेरे पक्षकारगण द्वारा न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया जा रहा है। किसी के द्वारा उक्त वर्णित भूमि को क्रय किये जाने पर उन्हें किसी प्रकार का हक व स्वत्व प्राप्त नही होगा। सो सूचना जानें

स्थान- रायपुर,
दिनांक-08/11/2024

भवदीय
**P.P.Sahu (ADVOCATE)**
**B-44, Sector-1, Ekta Nagar,**
**Gudiyari, RAIPUR (C.G.)**
**Mobile: 9753179751**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार**
**रायपुर जिला- रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**// ईश्तहार //**

**क्रमांक/बोरियाकला/ ब-121/2023-24, रायपुर, दिनांक 01/11/2024**
**ग्राम-बोरियाकला प.ह.नं. तहसील रायपुर, जिला - रायपुर (छ.ग.)**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हेम कुमार टंडन पिता- छबीलाल द्वारा इस न्यायालय जन्म प्रमाण पत्र बाबत आवेदन पत्र पेश कर उल्लेख किया है आवेदक के पुत्री निशा की जन्म दिनांक 7-11-2007 को घर में हो चुकी है। उनके जन्म उपरांत आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत जन्म प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 14/11/2024 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 1/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
**कार्यपालन दण्डाधिकारी**
**रायपुर (छ.ग.)**

**नवमीं पुण्यतिथि**




मृत्यु
09.11.2016

**स्व. श्री त्रिलोकीनाथ शर्मा**

सातवीं पुण्यतिथि पर हम सब परिवार अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते है।

शोकाकुल परिवारः दिनेश शर्मा (पुत्र), श्रीमती ममता शर्मा (पुत्रवधु) श्रीमती शांति शर्मा, श्रीमती गीता, श्रीमती ममता (पुत्री), विकास, हिमेश, देविका, आयुष (पोता) एवं समस्त शर्मा परिवार रायपुर।

फर्म : श्री बैजनाथ प्लाईवुड एवं डोर्स बोरियाखुर्द, रायपुर



स्वामी जी-93406-38884
By Train- रिजर्वेशन कोच

**रामेश्वरम धाम यात्रा**

तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी

यात्रा दिनांक
17 दिसंबर 2024
21 दिसंबर 2024
24 दिसंबर 2024
19 जनवरी 2025
26 फरवरी 2025
16 मार्च 2025
11 दिन की यात्रा

राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-29,501/-

**स्वामी तीर्थ यात्रा**
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
**91111-11866**
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

**Health Town**

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय

**श्री श्रेयन आयुर्वेद**
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

**राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र**
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
**डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव**
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
**डॉ. मनोज अग्रवाला**
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
**स्किन क्लिनिक**
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
रायपुर, शनिवार 9 नवंबर 2024
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937





15 उगते सूर्य को अर्घ्य संग पूर्ण हुई 36 घंटों ...

एजुकेशन अपडेट

## पीएससी सिविल जज परिणाम जारी साक्षात्कार के लिए 151 चयनित



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा सिविल जज की मुख्य लिखित परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। पीएससी द्वारा विधि एवं विधायी कार्य विभाग के अंतर्गत व्यवहार न्यायाधीश (प्रवेश स्तर) परीक्षा-2023 के 49 पद विज्ञापित किए गए थे। 3 सितंबर 2023 को आयोजित व्यवहार न्यायाधीश (प्रवेश स्तर) परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर 542 अभ्यर्थियों का चयन व्यवहार न्यायाधीश मुख्य परीक्षा के लिए किया गया था। इसके पश्चात मुख्य परीक्षा का आयोजन 25 अगस्त 2024 को किया गया। इसके परिणाम पीएससी ने 8 नवंबर को घोषित कर दिए है।

### साक्षात्कार तिथि फिलहाल नहीं

विज्ञापित 49 पदों के 3 गुणा अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के लिए चिन्हांकन किया जाना था, परंतु वर्गवार-उपवर्गवार अर्ह अभ्यर्थियों की उपलब्धता के आधार पर 151 का चयन किया गया है। साक्षात्कार की तिथि एवं विस्तृत समय सारणी पृथक रूप से घोषित की जाएगी।उपर्युक्त परीक्षा के लिखित परीक्षा परिणाम आयोग के वेबसाइट **www.psc.cg.gov.in** पर अपलोड कर दिए गए हैं।

### वनरक्षक के 1484 पदों पर भर्ती के लिए शारीरिक मापजोख 16 से

रायपुर। वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में वनरक्षक के 1484 पदों पर सीधी भर्ती के लिए वर्ष 2023-24 में आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे। राज्य में कुल 17 नोडल वनमंडलों (रायपुर, महासमुंद धमतरी, बालोद, राजनांदगांव, कवर्धा, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, सरगुजा, जशपुर, कोरिया, कांकेर, कोण्डागांव, जगदलपुर, दंतेवाड़ा एवं बीजापुर) में 16 नवंबर से शारीरिक मापजोख एवं दक्षता परीक्षण प्रारंभ होगा। शारीरिक मापजोख एवं दक्षता परीक्षण के लिए पात्र अभ्यर्थियों की सूची वनमण्डलवार, नोडलवार एवं अनुक्रमांकवार विवरण विभागीय वेबसाइट **www.forest.cg.gov.in** पर उपलब्ध है। अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन प्रवेश पत्र विभागीय वेबसाईट से डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है। जो अभ्यर्थी अस्वस्थता या किसी अन्य परीक्षा में शामिल होने के कारण निर्धारित तिथि में अनुपस्थित रहते हैं, उन्हें उपयुक्त प्रमाण पत्र सहित उपस्थित होने पर अंतिम दिवस में परीक्षण के लिए अवसर प्रदान किया जाएगा।

साइंस कॉलेज मैदान में 83 वें वार्षिक भारतीय सड़क कांग्रेस वार्षिक अधिवेशन का शुभारंभ

# सड़क के नीचे फाइबर की परत बिछाने से चार सालों तक मेंटेनेंस की जरूरत नहीं, बिना खुदाई झांकेंगे रोड अंदर

**सड़क में तेज रफ्तार वाहन रोमांचक हो सकता है, लेकिन यह उतना ही जानलेवा है। इस वजह से भारत हर साल सड़क दुर्घटना के मामले में अन्य देशों से आगे बढ़ रहा है। साइंस कॉलेज ग्राउंड में आयोजित 83वें वार्षिक भारतीय सड़क कांग्रेस वार्षिक अधिवेशन में इसी समस्या को दूर करने के लिए सड़क कंपनी से जुड़े विशेषज्ञ आधुनिक मशीन लेकर आए हैं। इसका इस्तेमाल फिलहाल विदेशों में अधिक है, जिसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं।**

**रायपुर।** अब यह कंपनी भारत सरकार से जुड़कर सड़क निर्माण और दुर्घटना को कम को लेकर कार्य करने को तैयार है। हरिभूमि ने मशीन कंपनियों के विशेषज्ञों से बातचीत की। उनका कहना है कि सड़कों में दुर्घटना केवल खराब सड़कों के वजह से नहीं होते हैं। कई बार हादसे खराब लाइटिंग, सड़क के दिशा-निर्देश दिखाई नहीं देने से भी हो जाते हैं। अधिवेशन में सड़कों व वाहनों पर लगे नाइट रेडियम की चमक जांच करने की आधुनिक मशीन आई है, जिसकी मदद से मानक अनुसार रेडियम की चमक का सटीक आकलन किया जा सकता है। यह कंपनी विदेश की है। कंपनी के विशेषज्ञों का कहना है कि रात के समय जब लाइट रेडियम पर पड़ती है, तो उसकी चमक अधिक नहीं होनी चाहिए। हर देश में इसके मानक अलग-अलग है। इसकी जांच केवल मशीन से होती है। इस मशीन की मदद से जांच कर सही मानक का रेडियम लगाया जा सकता है, जो सड़क हादसों को भी कम कर सकता है।



### फाइबर के इस्तेमाल से सड़क पर नहीं आएगी दरार

जिस सड़क पर हर दिन हजारों की संख्या में गाड़ी गुजरती है, उन सड़कों में दरार जल्द आती है। इन सड़कों का मेंटेनेंस हर दो सालों में करना पड़ता है। अधिवेशन में पहुंची टेक्निकल मटेरियल कंपनी का कहना है कि अगर सड़क निर्माण के दौरान ग्लास ग्रीन फाइबर का इस्तेमाल करते हैं, तो सड़कों में दरार आने की समस्या तीन से चार सालों तक देखने को नहीं मिलेगी। इस फाइबर की कीमत लाखों में होती है, लेकिन इसके बाद मेंटेनेंस खर्च बच जाता है। विदेशों में इस तकनीक को उपयोग में लाया जा रहा है। भारत के कुछ राज्यों में भी इसकी शुरुआत हो चुकी है। फाइबर मटेरियल सड़कों की लाइफ बढ़ा देते हैं।






### मशीन से रेत व गिट्टी के परत की जांच

देश में सड़क की जांच करने के लिए कई बार सड़क को भी खोदना पड़ता है कि अंदर कितनी मात्रा में रेत व डामर व गिट्टी का उपयोग किया गया है। विदेश की आधुनिक नॉन न्यूक्लियर मशीन बिना खुदाई के ही सड़क की मजबूती और मिश्रण की मात्रा बता सकती है। कंपनी ने बताया कि इसकी कीमत 14 लाख है। विदेशों में यह विश्वसनीय मशीन बन चुकी है। खराब सड़कों की क्षमता भी बता सकती है। सड़क का मेंटेनेंस कब करना चाहिए यह भी इस मशीन से पता लगाया जा सकता है।



### बारिश और आंधी में कार चलाने का अभ्यास

देश में कई सड़क हादसे बारिश और आंधी में गलत तरीके से गाड़ी चलाने से होते हैं। ऐसे परिस्थिति में गाड़ी चलाना भी कठिन होता है। लोगों को बारिश में कार चलाने सही तरीका सीखाने के लिए सड़क अधिवेशन में 3 एमआर कंपनी वीआर तकनीक की मदद से अभ्यास करवा रहा है। इस दौरान बताया जा रहा कि बारिश में अगर विजिबिलिटी कम है, तो सड़क में रफ्तार 30 से 40 के बीच होनी चाहिए। इस दौरान यातायात के नियमों का पालन बेहद जरूरी होता है। वीआर की मदद से कार टेस्टिंग लेवल भी बताया जा रहा है कि ड्राइवर ने बारिश और आंधी में किस तरह गाड़ी चलाई। गलतियों को भी यहां बताया जा रहा है कि जब ऐसी स्थिति में गाड़ी चलानी पड़े, तो यह गलती दोबारा न हो।

## 'पुरानी जगह' परिंदों का 'नया आशियाना'

**रायपुर।** बस स्टैंड के पंडरी से भाठागांव शिफ्ट होने के बाद पुरानी जगह अब परिंदों का नया आशियाना बनते जा रहा है। आवाजाही और शोर-शराबा कम होने के कारण अब यहां पर बड़ी संख्या में कबूतर सहित कई तरह के पक्षी अठखेलियां करते हुए नजर आने लगे हैं।





## 9 कन्याओं का निशुल्क विवाह शिरकत करेंगे 2 हजार बाराती




**रायपुर।** मां दुर्गा के नौ रूपों की तर्ज पर इस साल सेवा की 5वीं पहल होने वाली है। इसमें सभी कन्याओं का पूजन करने के साथ ही 'सेवा पथ' संस्था से जुड़े लोग उनका विवाह रचाएंगे। इस बार भी कन्यादान थीम पर संस्था द्वारा अग्रसेन थाम में 10 नवंबर को धूमधाम से विवाह की सारी रस्में निभाई जाएंगी। इतना ही नहीं वर-वधू पक्ष के करीब दो हजार लोगों के लिए रहने-खाने से लेकर शादी में होने वाले सभी खर्च की जिम्मेदारी संस्था द्वारा वहन किया जाएगा। इसमें वर-वधू के वस्त्र, उपहार सहित बारात स्वागत और रिसेप्शन का भी इंतजाम किया जाएगा। ऐसा इसलिए किया जा रहा, ताकि निःशुल्क विवाह के बाद कन्या और वर पक्ष को अलग से खर्च न करना पड़े।

### समाज का हर वर्ग सहयोगी

संस्था के प्रमुख पहलाज खेमानी, राजकुमार पंजवानी और सुलोचना नारायणी ने यह जानकारी संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि इसमें दूसरे समाज के लोगों को अभी योजना में इसलिए शामिल नहीं करते हैं, क्योंकि अभी घर संभालने का क्रम जारी है। इस कड़ी में समाज के सभी तीर्थ के प्रमुख वर-वधू को आशीर्वाद देने के लिए आते हैं। इस आयोजन को सफल बनाने में समाज के हर वर्ग का सहयोग मिलता है। रविवार को सुबह से होने वाले समारोह के लिए जिम्मेदारी बांटी गई है।

आराधना

## भजनों संग डांडिया रास, 3 हजार से अधिक भक्तों को महाप्रसाद



**रायपुर।** शहर के फाफाडीह चौक स्थित संत श्री जलाराम मंदिर में सुबह से ही उत्सव का माहौल रहा। जहां एक तरफ मंदिर में पूजा-अर्चना चल रही थी, वहीं दूसरी तरफ घोड़े-बग्घी और बैंडबाजे के साथ भक्तों का सैलाब भव्य शोभायात्रा में शामिल होने बाहर इंतजार कर रहा था। सिर पर कलश धारण किए 151 महिलाएं एवं बालिकाएं शोभायात्रा में आगे चल रही थी। इनके साथ भक्तों का समूह जयघोष करते हुए आस्था का संचार करते हुए पीछे चल रहा था। मुख्य मार्ग से होते हुए भक्तों से सजी शोभायात्रा दोपहर करीब एक बजे स्टेशन रोड स्थित श्री क्षत्रिय जाति सेवा समिति भवन पहुंची। इसकी अगुवाई इस बार उत्सव मंडल के अध्यक्ष सतीश चावड़ा, सचिव हेमंत गोहिल और राजेश राठोड़ ने की। इनके मार्गदर्शन में संत जलाराम का 225वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

### डांडिया रास से सजा उत्सव

तरुण पिथालिया एवं साथियों द्वारा शाम 4 से शाम 6.30 बजे तक डांडिया रास की प्रस्तुति दी गई। इसका आनंद जन्मोत्सव में शामिल होने के लिए अलग-अलग क्षेत्र से पहुंचे सभी भक्तजनों ने उठाया। कार्यक्रम का यह सिलसिला करीब ढाई घंटे तक चला। इसके बाद 108 दीपों से भक्तों ने संत श्री जलाराम की महाआरती करते हुए जयघोष किया। इस धार्मिक आयोजन में शामिल तीन हजार से ज्यादा महिलाओं एवं पुरूषों के लिए महाप्रसाद का इंतजाम किया गया था। इस आयोजन को सफल बनाने में समाज ने भी योगदान दिया।



### पुष्प वर्षा पश्चात भिक्षुक भोज

गुजराती समाज के भक्तों द्वारा की गई तैयारी के तहत इस बार भी स्टेशन रोड स्थित मुख्य आयोजन स्थल पर पुष्प वर्षा करते हुए शोभायात्रा का स्वागत किया गया। इसके बाद पूजा-अर्चना एवं पाठ का क्रम शुरु हुआ। इसे संपन्न कराने और भिक्षुक भोज के बाद एक बार फिर से भक्तिमय माहौल बना। इसे भजनों से सराबोर करने के लिए प्रसिद्ध भजन गायक राजू महाराज एवं साथी मौजूद थे। ग्रुप ने भजनों और लोक गीतों से लोगों को जहां भक्तिमय माहौल दिया। इसका लुत्फ भक्तों ने भी शाम 4 बजे तक उठाया।

श्री गोपाल मंदिर में गोवर्धन पूजा व अन्नकूट महोत्सव का आयोजन

# वल्लभाचार्य पुष्टिमार्ग के अनुभवी ब्राम्हणों का होना अनिवार्य, इनके बिना तैयार नहीं होता भोग, इसलिए गोपाल मंदिर में अन्नकूट 6 दिन बाद

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्रदेव के क्रोध से ब्रजवासियों की रक्षा की थी। इसके पश्चात माता यशोदा ने श्री कृष्ण के लिए विभिन्न प्रकार के 56 भोग तैयार किए थे। इस भाव से प्रत्येक वर्ष शहर के श्रीकृष्ण मंदिरों में यह परंपरा निभाई जाती है, जहां अन्नकूट के दौरान गौ माता की पूजा, गोवर्धन पर्वत की पूजा और श्री गोपाल के लिए 56 प्रकार के भोजन तैयार किए जाते हैं। लक्ष्मी पूजन के अगले दिन यह उत्सव मनाया जाता है। इस कड़ी में पर्व के उपलक्ष्य में शुक्रवार को सदर बाजार स्थित श्री गोपाल मंदिर में भी गोवर्धन पूजा और अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया, जहां भारी संख्या में श्रद्धालु लड्डू गोपाल के दर्शनमात्र के लिए एकत्र हुए। भक्तों की भीड़ और पर्व को देखते हुए मंदिर प्रबंधन द्वारा पूर्व से ही व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं की गई थीं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की दिक्कत ना हो।



### अन्य मंदिरों में भी प्रसादी बनाते हैं ब्राह्मण, इसलिए समय-सारिणी में बदलाव

ट्रस्टी राजकिशोर नत्थानी ने बताया, परंपरा के अनुसार दीपावली के दूसरे दिन ही गोवर्धन पूजा व अन्नकूट मनाया गया। जिसे गर्भगृह में ब्राम्हणों के देख-रेख में किया गया था। श्री कृष्ण की सेवा के लिए वल्लभाचार्य पुष्टिमार्ग संप्रदाय के अनुभवी ब्राम्हणों का होना अनिवार्य है। जिनके बिना मंदिर में भोग तैयार नहीं किया जा सकता है। अन्नकूट के दौरान विभिन्न प्रकार के विशेष भोग सभी कृष्ण मंदिरों में तैयार किया जाता है, जिसके कारण सभी मंदिरों में अन्नकूट महोत्सव की समय सारणी में बदलाव देखा जाता है।

### दीपावली से ही प्रारंभ हो गई थी तैयारी

*मंदिर के प्रबंधक राजेश मिश्रा ने बताया, दीपावली पर्व से ही मंदिर में अन्नकूट महोत्सव की तैयारी जारी है। इस अवसर पर श्री कृष्ण को सुबह राजभोग और शाम को भी विशेष भोग लगाया गया। जिसमें 10 से 15 प्रकार की सब्जी, मिष्ठान, व्यंजन, आचार और विभिन्न राज्यों के पारंपरिक व्यंजन मौजूद रहे। श्वेत पोशाक तथा स्वर्ण व चांदी के आभूषणों से श्रृंगार किया गया। ठाकुर जी की प्रतिमाओं पर केसरिया श्रृंगार श्रद्धालुओं के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र बना रहा। दीपावली की तर्ज पर ही मंदिर की साज-सज्जा और श्री गोपाल का श्रृंगार किया गया।*

### सांगरी की सब्जी का विशेष भोग

*महोत्सव का शुभारंभ गौ माता की पूजा के साथ किया गया, जिसके पश्चता मंदिर की ध्वजा को बदला गया। भोग निर्माण करने से पहले ही श्रद्धालु एक दिन पूर्व व्रत रखते हैं, जिसके बाद मंदिर में ही स्नान कर भोग-प्रसादी की तैयार करते हैं। अन्नकूट के दौरान सांगरी की सब्जी विशेष रुप से तैयार किया जाता है, जो श्री कृष्ण के प्रिय भोजन में शामिल है। इस दौरान मंदिर ट्रस्ट के सदस्य रमेश नत्थानी, बद्रीदास झवर, देवरतन बागड़ी और ओमप्रकाश नागोरी मुख्य रुप से उपस्थित रहे।*

कैंपस इवेंट

## भावनात्मक, सामाजिक व आध्यात्मिक रूप से मजबूत बनाता है स्काउट गाइड



**रायपुर।** राष्ट्रीय स्काउट गाइड स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने पर विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में इससे जुड़े आयोजन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में महाराजा अग्रसेन कॉलेज में विशेष समारोह रखा गया। यहां अतिथियों ने कहा, स्काउट गाइड का मुख्य उद्देश्य युवाओं के विकास में योगदान देना है। जिससे वह शारीरिक, बौद्धिक, भावनात्मक, सामाजिक और आध्यात्मिक रुप से सशक्त बन सके। प्रत्येक वर्ष महाविद्यालय के रोवर रेंजर, इंचार्ज छात्र-छात्राओं द्वारा स्थापना दिवस मनाया जाता है। कॉलेज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारत स्काउट गाइड के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा उपस्थित रहे।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए विद्यार्थी सम्मानित

भारत स्काउट गाइड के कार्यकारणी अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने संबोधन में विद्यार्थियों के उत्तम कार्यों को सराहा। साथ ही साल भर किए जाने वाले गतिविधियों की जानकारी ली। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक गतिविधियों में हिस्सा लेने वाले समूह के सदस्यों को पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर 20 से अधिक विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान भारत स्काउट गाइड के कार्यकारणी अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, जिला अध्यक्ष जी.स्वामी, जिला मुख्य आयुक्त सुरेश शुक्ला, सरिता पाण्डेय, कॉले प्रचार्य डॉ. एमएस मिश्रा, एडमिनिस्ट्रेटर शिवांगी मिश्रा उपस्थित रहे।

सिटी लाइव

## तीन दिवसीय राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता 13 से

**रायपुर।** आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान नवा रायपुर द्वारा जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में 13 से 15 नवम्बर तक तीन दिवसीय राज्य स्तरीय जनजातीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन साइंस कॉलेज मैदान में किया जाएगा। चित्रकला प्रतियोगिता विभिन्न आयु वर्ग अनुसार आयोजित की जाएगी। इस चित्रकला प्रतियोगिता का शीर्षक राज्य स्तरीय जनजतीय चित्रकला प्रतियोगिता है। चित्रकला का विषय जनजातीय जीवन शैली है। कार्यालय में पंजीयन फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि 11 नवंबर है। प्रतियोगिता में भाग लेने प्रतिभागी पंजीयन फार्म, पुरस्कार राशि, प्रतियोगिता से संबंधित नियम एवं शर्तों से संबंधित विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाइट cgtrti.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

### व्हॉट्सऐप कर सकते हैं फॉर्म



उल्लेखनीय है कि भरे हुए पंजीयन फार्म संस्थान के ई-मेल **sltpaintingcompetition@gmail.com** पर अथवा डाक के माध्यम से, व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा व्हाटसऐप नंबर में प्रेषित किए जा सकते हैं। प्रतिभागी पंजीयन फार्म के साथ अन्य वांछित अभिलेख भी संलग्न करना होगा। चित्रकला प्रतियोगिता के लिए पेंटिंग ब्रश को छोड़कर अन्य आवश्यक सामग्री जैसे- केनवास, कार्टिज पेपर व ईजल, ड्राईंग शीट, कलर्स, पैलेट आदि संस्थान द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।

आराधना

## पंज प्यारे करेंगे नगर कीर्तन की अगुवाई, ड्रेस कोड निर्धारित

**रायपुर।** श्री गुरु नानक देव जी के पावन प्रकाश पर्व की खुशी में पंज प्यारों की अगुवाई में खालसाई शान के साथ 10 नवंबर को दोपहर 2:00 बजे गुरुद्वारा स्टेशन रोड रायपुर से विशाल नगर कीर्तन आरंभ होकर संजय गांधी चौक, श्री गुरु नानक चौक, एमजी रोड, शारदा चौक, जय स्तंभ चौक, शास्त्री चौक, कचहरी चौक, खालसा स्कूल के सामने से होकर श्री गुरुद्वारा गोविंद नगर पंडरी में संपन्न होगी। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सुरेंद्र सिंह छाबड़ा ने बताया कि इस वर्ष गुरुपर्व पर संगत में उत्साह की लहर है। रोजाना चलने वाली प्रभातफेरी में भी बड़ी संख्या में संगत पहुंच रही है।

### पंजाब से आएगी गतका पार्टी

इस वर्ष शौर्य का प्रतीक पंजाब की गुरदीप सिंह गतका पार्टी, जबलपुर की श्याम बैंड, ओडिशा का घन्टा बाजा और सिख बैंड विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे।



नगर कीर्तन में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पालकी की अगुवाई कर रहे पंज प्यारों के आगे सफाई सेवा कर फूलों की सेज सजाई जाएगी। इस विशेष अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने समस्त गुरुनानक नाम लेवा संगत से अपने कारोबार बंद कर महिलाएं सफेद सूट नीला दुपट्टा, पुरुष सफेद ड्रेस नीली दस्तार सजा कर नगर कीर्तन में शामिल होने की अपील की है।

### महादेव घाट सहित सभी छठ घाट पर सूर्योदय से पहले फिर सजा पूजा के लिए मंडप

# उगते सूर्य को अर्घ्य संग पूर्ण हुई 36 घंटों की उपासना



36 घंटे का निर्जला रखने वाले उपासकों का सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए सभी 56 छठ पूजा घाट पर फिर तांता लगा। गन्ने से एक बार फिर मंडप सजाने का क्रम किया गया। जिस जगह पर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया था, वहीं बांस की टोकनी और सूपा में फल व पूजा सामग्री सजाकर आराध्य देव के उगने का जलाशयों में उतरकर इंतजार किया। इससे पहले महिलाओं ने पूजा घाट पर स्नान करने के बाद एक-दूसरे को सिंदूर दान करते हुए छठी मइया से अटल सौभाग्य के लिए कामना की।

**रायपुर।** महादेव घाट स्थित मुख्य पूजा स्थल पर जहां गुरुवार की रात 2 बजे तक छठी मइया के गीतों व भजनों की श्रृंखला सजाने के लिए मुबंई, कोलकाता, लखनऊ और बिहार से कलाकार पहुंचे थे। वहीं भजन टोलियों ने उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए पहुंचे सभी उपासकों के लिए सुबह भी भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति दी। बिरगांव के व्यास तालाब, सरजूबांधा तालाब और भनपुरी के छठवा तालाब में पूजा के लिए पहुंची महिलाओं ने भी उत्तर भारतीय परंपरा का निर्वहन करते हुए भक्ति से ओतप्रोत भजन गाए। इनके साथ पूजा में शामिल होने के लिए पहुंचे आस-पास के लोगों ने भी पूजा में हर संभव सहयोग दिया। जैसे ही पूजा संपन्न हुई, युवाओं ने पटाखे फोड़ते हुए पूजा घाट पर उत्सव मनाते हुए एक-दूसरे को पर्व की बधाई दी। इसके साथ ही घाट पर मौजूद लोगों को प्रसाद वितरण भी किया।



### बोरियाखुर्द घाट में भंडारा

वहीं बोरियाखुर्द छठ घाट पर उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के लिए हजारों की तादाद में छठ व्रतियों और सूर्य उपासकों का तांता लगा।व्रतधारियों ने परिवार के सुख-समृद्धि के लिए कामना की। छठ महापर्व आयोजन समिति के अध्यक्ष गौरीशंकर गुप्ता ने बताया कि 11 वर्षों से घाट पर छठ पूजा के लिए व्रतधारी आते हैं। शुरुआत में काफी कम संख्या थी और अब यहां पर रहवासियों की संख्या बढ़ी है। जिस वजह से यह समिति स्वयं से पूरी व्यवथा करती है। साथ ही सूर्य नारायण भगवान की एक कुटिया बनाकर उनकी स्थापना की जाती है। सुबह हजारों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। समिति सदस्य बंटी शर्मा, शुभम गुप्ता, विकास गुप्ता ने सेवा दी।

### घर-घर बांटे लड्डू व ठेकुआ

आमापारा तालाब के छठ घाट पर शुक्रवार को सुबह विश्वकर्मा महिला मंडल दुलार धर्म शाला की महिलाओं ने पूजा के लिए बनाए गए घाट में जल में उतरकर सूर्य को अर्घ्य दिया। परिवार की सुख समृद्धि के लिए छठी मइया से मंगलकामना की। छठी मइयां कर दे हर मुराद पूरी.., घर-घर बांटे लड्डू व ठेकुआ... गीत गाते हुए पूजा घाट पर पहुंची। सूर्य भगवान से अपनी संतान, पति व परिवार की खुशियां भी मांगी। इसके बाद व्रत का पारायण किया। इसके साथ ही आस्था के महापर्व का समापन हुआ। इस अवसर पर विश्वकर्मा महिला मंडल की शकुंतला विश्वकर्मा, नेहा, मंदाकिनी, पिंकी, गीता, राधा के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थी।

### सुबह भजन गाते हुए पहुंची महिलाएं

नरैय्या तालाब में पूजा के लिए बनाए गए घाट पर सुबह सूर्य की आराधना करने के लिए महिलाएं घरों से भजन गाते हुए पहुंची। तालाब में स्नान करने के बाद सिंदूर भेट करने की रस्म निभाने के बाद सूर्योदय से पहले फिर से फलों की टोकनी लेकर तालाब में उतरी। सुबह उत्सव का रूप देने के लिए युवाओं की टोली ने पटाखे फोड़े। इसके बाद सभी उपासक महिलाएं छठी मइया के गीत गाते हुए वापस लौटी।

## विद्यार्थी मोबाइल के अलावा किताबों से भी करें दोस्ती पढ़ाई के लिए दबाव ना बनाएं पालक, खेल जरूरी

**रायपुर।** विद्यालय के छात्रों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सम्मान समारोह का आयोजन देवेंद्र नगर स्थित श्री बालाजी विद्या मंदिर में किया गया। जहां सालभर उत्तम कार्य एवं कक्षा में अच्छे नंबरों से उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती की वंदना के साथ की गई। जहां विद्यालय के प्रचार्य, शिक्षक एवं विद्यार्थिगण उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम के भूतपूर्व अध्यक्ष छगनलाल मुंदड़ा, विशिष्ट अतिथि दीनानाथ शर्मा, आंध्रा एसोसिएशन के अध्यक्ष जी.स्वामी, एम.श्रीनिवास राव,शाला की प्राचार्या डॉ. फ्रेनी जय प्रकाश, उपप्राचार्या मौसमी भट्टाचार्या ने छात्रों की हौसला अफजाई की।




### धार्मिक ज्ञान को दें जगह

संबोधन के दौरान अतिथियों के कहा, पालकों को चाहिए कि वे विद्यार्थियों में पढ़ाई के प्रति दबाव ना बनाएं। छात्रों के जीवन में पढ़ाई के साथ खेल भी जरुरी है। विद्यार्थी जीवन के दौरान माता-पिता एवं शिक्षकों के प्रोत्साहन से छात्रों को सही राह व कामयाबी हासिल होती है। इसके साथ ही विद्यार्थियों को सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में भी प्रोत्साहित करें, छात्रों को शिक्षा के साथ धार्मिक ज्ञान होना भी आवश्यक है। प्राचार्य ने संबोधन में कहा, विद्यार्थी जीवन में अनुशासन होना जरुरी है। अभिभावक एवं बच्चे मोबाइल से दोस्ती करने के अलावा किताबों से भी दोस्ती करे। जो आपको सफल बनाने में सहयोग करेगी। कार्यक्रम के अवसर पर 25 से अधिक छात्र एवं छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही जीवन में सफलता की शुभकामनाएं दी गई।

## रोलर स्पोर्ट्स को समझें विद्यार्थी इसमें कॅरियर के अच्छे स्कोप

**रायपुर।** लोगों को रोलर स्पोर्ट्स के लिए जागरूक करने एसोसिएशन का गठन शहर में किया गया है। रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन रायपुर में रोलर स्पोर्ट्स से संबंधित सभी जरूरी सुविधाएं खिलाड़ियों तक पहुंचाएगी एवं खिलाड़ियों के लिए किए जा रहे सभी सरकारी प्रयासों से बच्चों व उनके अभिभावकों अवगत कराएगी। संस्था सदस्यों ने कहा, फिलहाल छत्तीसगढ़ में विश्वस्तरीय स्केटिंग रिंग नहीं है, जिससे हमारे बच्चे नेशनल में अच्छा प्रदर्शन नही कर पा रहे हैं। हमारा एसोसिएशन इसके लिए सरकार और अभिभावकों के साथ मिलकर सर्वोच्च प्रयास करेगी। इस एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल हैं। इस एसोसिएशन में डॉ.सीमा जिंदल को अध्यक्ष, राहुल गुप्ता व



योगेंद्र भारद्वाज को उपाध्यक्ष, रामकृष्ण चक्रधारी को सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा नीतू गणात्रा, सुधीर ठाकुर भी एसोसिएशन में शामिल हैं। गठन के साथ ही सभी सदस्यों ने कर्तव्यनिष्ठा की शपथ ली। एसोसिएशन की आगामी कार्ययोजना पर भी चर्चा की गई। इसमें खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने से लेकर अन्य चीजें शामिल रहीं। विद्यार्थियों को रोलर स्पोर्ट्स में कॅरियर विकल्पों की जानकारी भी उनके माध्यम से प्रदान की जाएगी।

### अब दानवीरों का होगा सम्मान, विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह होंगे मुख्य अतिथि, मंत्री-विधायक गण भी होंगे सम्मिलित

# जैन समाज ने 28 माह में 1,30,000 से अधिक लोगों को कराया निःशुल्क भोजन, मात्र 4 परिवार से हुई थी शुरुआत

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** श्रीविमलनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर ट्रस्ट एवं श्रीनाकोड़ा भैरव सोसायटी की ओर से पिछले सालभर से हर दिन आस-पास के अस्पतालों में भर्ती मरीजों के परिजनों के लिए निःशुल्क भोजन वितरण सेवा चलाई जा रही है। समाजसेवा की इस उत्कृष्ट पहल निःशुल्क सेवार्थ भोजन वितरण योजना में सहभागी बन रहे दानवीरों, संस्थाओं और महिला मंडलों का रविवार 10 नवंबर को सुबह 10.45 बजे से श्रीहीरसूरी आराधना भवन श्रीनाकोड़ा भैरव सोसायटी में समारोह में सम्मान किया जाएगा। इस अनुमोदना कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह होंगे। साथ ही मंत्री लखन देवांगन, पूर्व मंत्र व विधायक राजेश मूणत, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक धरमलाल कौशिक और विधायक मोतीलाल साहू विशिष्ट अतिथि रहेंगे। इस अनुमोदना समारोह के उपरांत साधर्मिक स्वामी वात्सल्य भी रखा गया है।



### सेवाभावी परिवारों का है योजना में सहयोग

श्रीविमल नाथ जैन श्वेतांबर जैन मंदिर ट्रस्ट की ओर से 2022 में निःशुल्क भोजन वितरण के लिए भोजन योजना प्रारंभ की गई थी। आरंभ में चार परिवारों ने इसमें अपनी सहभागिता दी। धीरे-धीरे यह योजना आमजन के बीच में लोकप्रिय होती गई और आज 300 से अधिक परिवार इस योजना से जुड़ चुके हैं। कुछ परिवारों द्वारा 8 दिन, 4 दिन, 5 दिन, 2 दिन अथवा एक दिन का भोजन पिछले सालभर से लगातार उपलब्ध कराया जा रहा है।

### महत्वपूर्ण अवसर पर कराते हैं भोजन

*कई कुछ परिवार अपने परिवार में आने वाले विभिन्न महत्वपूर्ण अवसरों पर भोजन करवाते हैं। ट्रस्ट के द्वारा भोजन वितरण के लिए भोजशाला में प्रतिदिन भोजन तैयार कर ई-रिक्शा के माध्यम से संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल व एमएमआई हॉस्पिटल में प्रतिदिन दोपहर 12 से 1 बजे के मध्य ले जाया जाता है। इस योजना के अंतर्गत विगत 28 माह में 1,30,000 से अधिक लोगों को निशुल्क भोजन का वितरण कराया जा चुका है। प्रतिदिन लगभग 140 से 50 लोगों को निःशुल्क भोजन कराया जाता है।*

### बिना समझें धार्मिक अनुष्ठान कर रहे लोग, छिपे भाव देखें

तपस्वी को कभी गुस्सा नहीं आता। जिसे गुस्सा आता है, वह तपस्वी नहीं हो सकता। एक क्षण के गुस्सा से जिंदगी भर में अर्जित सिद्धियों और तपस्या का नाश हो सकता है। क्रोध से बचेंगे तो लोभ, मान और माया रूपी कषायों से खुद बच जाएंगे। एमजी रोड स्थित श्री जैन दादाबाड़ी में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचन में शुक्रवार को श्री विराग मुनि ने ये बातें कही। उन्होंने कहा कि जब तक क्रोध,



लोभ, मान और माया रूपी कषाय दूर होने पर ही ज्ञान मिलेगा। इसके बिना मोक्ष की कल्पना कोरी है। सफेद कपड़े पहनने भर से कोई साधु नहीं बन जाता। कषायों का संपूर्ण नाश करने के बाद वीतरागी बना जाता है। इसलिए साधु बनकर दूसरों का स्वभाव बदलने का प्रयास न करें। मानदारी से सोचिए कि आपकी सलाह पर आज तक कितनों ने अमल किया? दूसरों पर अपनी मान्यताएं थोपना प्रैक्टिकली पॉसिबल नहीं है। जो संभव है, वो करिए। खुद में सुधार लाइए। आज लोग महत्व समझे बिना धार्मिक अनुष्ठान कर रहे हैं। क्रियाएं तो कर रहे हैं पर इसके पीछे छिपे भाव को नहीं देख रहे। कषाय खत्म होने की जगह बढ़ते जाएं, तो ऐसा धर्म करना किस काम का? भगवान के दर्शन क्यों करते हैं, यही नहीं जानते। भगवान के दर्शन का मकसद अपने भीतर के मान (अहंकार) का नाश करना है। आप वहां जाकर सुख-समृद्धि, वैभव मांगेंगे तो यह कर्म बढ़ाना हो गया। जबकि, आत्मा का परम लक्ष्य मोक्ष प्राप्ति है, जो कषायों का अंत किए बिना संभव नहीं है। इसलिए भगवान के दर्शन करें तो कषायों से मुक्ति की कामना करें।

## खबर संक्षेप



### कॉन्वेंट स्कूल में मनाई भगवान सहस्त्रबाहु जयंती

**रायपुर।** रायपुर कॉन्वेंट स्कूल में भगवान सहस्त्रबाहु जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान प्राचार्य, शिक्षक एवं विद्यार्थी कार्यक्रम में शामिल हुए।

### 75 लाख का आटा-मैदा खरीदा, कारोबारी को नहीं दिया भुगतान

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में कारोबारी ने एक व्यक्ति के खिलाफ 75 लाख रुपए की ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, महामाया फूड्स एंड ग्रेन प्राइवेट लिमिटेड के संचालक शुभम गोयल ने जुगल किशोर तथा उसकी पत्नी के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। शुभम ने पुलिस को बताया कि जुगल तथा उसकी पत्नी ने उससे पिछले वर्ष से अब तक 75 लाख रुपए के आटा एवं मैदा की खरीदी की। भुगतान करने के नाम पर दंपति पैसे देने में आनाकानी कर रहे हैं।

## निधन

### संतोष सोनी



रायपुर। छुईखदान निवासी संतोष सोनी (60) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बड़े तालाब मुक्तिधाम में किया गया। वे योगेंद्र, राजेंद्र सोनी के बड़े भाई तथा अनुराग सोनी, डॉ. अभिषेक सोनी के पिता थे।

### रामानंद दुबे



**रायपुर।** रामकुंड निवासी रामानंद दुबे संडीवाले (95) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे अरुण शर्मा, शेखर शर्मा, रवि शर्मा, भूषण शर्मा के पिता थे।

### इकबाल अहमद



**रायपुर।** बैजनाथ पारा निवासी रिटायर्ड पब्लिक रिलेशन इंस्पेक्टर इकबाल अहमद का इंतेकाल हो गया। उनका जनाजा 9 नवंबर को निवास स्थान से मौदहापारा ले जाया जाएगा। जनाजे की नमाज बाद जौहर मौदहापारा कब्रिस्तान में होगी। वे अफजाल अहमद और अलताफ अहमद के वालिद थे।

### मो. शाहिद अशरफी



**रायपुर।** सैलानी नगर निवासी मो. शाहिद अशरफी का 8 नवंबर को इंतेकाल हो गया। उनकी मैयत 9 नवंबर को दोपहर 12.30 बजे संजय नगर से बैरन बाजार कब्रिस्तान के लिए निकलेगी, जहां उन्हें सुपुर्दे-खाक किया जाएगा। जनाजे की नमाज संजय नगर में अदा की जाएगी।

# जिला स्तर पर होगी प्री-बोर्ड परीक्षा, दसवीं-बारहवीं में छात्रों का बंटाधार, इसलिए फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

प्रदेश में दसवीं-बारहवीं के परीक्षा परिणामों को सुधारने के लिए नई व्यवस्था की जा रही है। वार्षिक परीक्षाओं से पूर्व होने वाली प्री बोर्ड परीक्षाएं अब जिला स्तर पर आयोजित होंगी।

इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा समस्त जिला कलेक्टर को खत लिखा गया है। प्री बोर्ड जनवरी के अंतिम सप्ताह से प्रारंभ होंगी। इसके पूर्व 10 जनवरी तक सभी स्कूलों में पाठ्यक्रम पूर्ण कराने होंगे। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लिखे गए खत में कहा गया है, राज्य के शासकीय हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहते हैं।

शासन द्वारा परीक्षा परिणामों को गुणवत्ता उन्नयन के लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। इसी उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए सत्र 2024-25 से राज्य के समस्त शासकीय विद्यालयों में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में प्री बोर्ड परीक्षा आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया है।



फाइल फोटो

■ स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी जिला कलेक्टर को लिखा खत

### जिला स्तर पर ही जारी होगी समय-सारिणी

इसके साथ ही प्री बोर्ड परीक्षा के आयोजन के लिए कई निर्देश प्रदान किए गए हैं। इसमें कहा गया है कि प्रत्येक जिला प्री बोर्ड परीक्षा का आयोजन करेगा। प्री बोर्ड परीक्षा पूर्ण पाठ्यक्रम में आयोजित होगी। स्कूलों से कहा गया है कि वे 10वीं एवं 12वीं का पाठ्यक्रम यथासंभव 10 जनवरी 2025 तक पूर्ण कर लें। प्री बोर्ड परीक्षा जनवरी के अंतिम सप्ताह में आयोजित की जाये तथा प्री बोर्ड की समय-सारिणी प्रत्येक जिला स्वयं जारी करेगा।

### प्रश्न निर्माण समिति में होंगे विषय विशेषज्ञ

प्रश्न पत्र निर्माण के लिए विषयवार समिति का गठन जिला शिक्षा अधिकारी करेंगे। प्रश्न पत्र का निर्माण माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा निर्धारित ब्लू प्रिंट के अनुसार किया जाएगा। इसके अलावा प्रश्नपत्र निर्माण समिति के सदस्यों को ब्लू प्रिंट का प्रशिक्षण माध्यमिक शिक्षा मंडल की विषय समिति के जिलों में उपलब्ध विषय विशेषज्ञों द्वारा दिया जाएगा। इसके अलावा कहा गया है कि विषय विशेषज्ञों को यथा संभव प्रश्न निर्माण समिति में रखा जाए।

## आदिवासी विभाग के प्रोजेक्ट में तय काम को करने में लगेगा दो माह से ज्यादा इसलिए...

# 45 करोड़ में बन रहे ट्राइबल म्यूजिक का काम अधूरा, नई पहचान के लिए भी बढ़ेगा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

पुरखौती मुक्तांगन के पास स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनसे जुड़ी कृतियों को संजोने का काम अभी अधूरा है। 45 करोड़ की लागत से आकार ले रहे शहीद वीर नारायण सिंह आदिवासी म्यूजियम में आंतरिक काम अभी शुरू भी नहीं हुआ है। इस धरोहर को संजोने के लिए करीब 10 एकड़ भूमि तय है। म्यूजियम के काम को अक्टूबर में पूरा करने के बाद इसकी नवंबर में ओपनिंग करने की मुहिम भी ठंडे बस्ते में जाने वाली है। नए म्यूजियम में सहेजी जाने वाली कृतियों को देखने के लिए लोगों का इंतजार बढ़ने वाला है।

राजधानी से 26 किलोमीटर दूर नवा रायपुर में निर्माणाधीन शहीद वीर नारायण सिंह आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की यादों को ताजा करने के लिए आकार ले रहे संग्रहालय में तय काम को पूरा करने में विलंब होना संभव है। विभागिय सूत्रों ने बताया कि इंजीनियर्स, क्यूरेटर्स के साथ ही निर्माण एजेंसी पर भी इस प्रोजेक्ट को पूरा करने का दबाव बढ़ गया है। अधिकारी निर्माण की प्रगति का लगातार अपडेट ले रहे हैं। जिस रफ्तार से काम किया जा रहा है, उसे देखते हुए बचे हुए काम को पूरा करने में अभी दो माह से ज्यादा लगने वाला है। निर्माण एजेंसी पर काम को जल्द पूरा कराने के लिए नवंबर में ओपनिंग तय होने के बाद बढ़ाई गई। इससे पहले मामले को उतनी गंभीरता से नहीं लिया गया, इसका नतीजा है कि अभी 35 प्रतिशत से ज्यादा काम किया जाना है।



### अभी नहीं बन पाई हैं 15 गैलेरी

आकार ले रहे म्यूजियम में अलग-अलग जीवन शैली और उपलब्धियों का समायोजन करने के लिए 15 गैलरी का निर्माण होना है। इसे बनाने का काम आंतरिक काम बचा हुआ है। सूत्रों ने बताया कि इसे तैयार करने में कम से कम दो महीने लग जाएगा। इसके साथ ही बनाई जाने वाली हर गैलेरी में जनजातीय जीवन शैली के साथ ही उनके ऊपर अंग्रेजों के हुकूमत के दौरान हुए अत्याचार की झलक को भी संजोने का काम होना शेष है। अलग-अलग समय में किए गए विद्रोह और उसमें आदिवासियों के योगदान से जुड़े दृष्यों का समायोजन भी बचा है।



### बचा है मूर्तियों का फिनिशिंग वर्क

इस म्यूजियम में न केवल छत्तीसगढ़ के आदिवासियों द्वारा स्वतंत्रता के लिए सेनानियों की तरह दिए गए बलिदान से जुड़े पल का एहसास कर सकेंगे। इसके साथ ही स्वतंत्रा काल की याद दिलाने वाले गौरव के क्षण के साथ उसके बारे में जान सकेंगे । छत्तीसगढ़ की गौरवशाली आदिवासी परंपरा से लोगों को रूबरू करवाने के लिए किए जाने वाले काम अभी तक नहीं हुए है । क्यूरेटर द्वारा तैयार की जा रही लगभग 60 प्रतिशत मूर्तियों का निर्माण ही पूरा हो पाया है। बचे हुए काम को पूरा करने में अभी और समय लगेगा, क्योंकि मूर्तियों की फिनिशिंग अधूरी है।

### अधूरी है आदिवासी जीवन शैली..

इस आदिवासी संग्रहालय के पास ही ट्रायबल म्यूजियम का निर्माण भी अधूरा है। यह ट्रायबल म्यूजियम जनजातीय जीवन शैली, उनके रहन-सहन, निवास गृह, पूजा पद्धति, उनकी वेशभूषा से भी घूमने के लिए जाने वाले लोगों को समझने का अवसर भी मिलेगा। इसके लिए अभी लोगों को इंतजार करना होगा। म्यूजियम में उनकी सांस्कृतिक, सामाजिक व आर्थिक विशेषताओं को जीवंत करने का काम जारी है। इसमें ज्यादातर वूडन कार्य होने के कारण इसमें दीमक रोधी एवं पानी से बचाव के लिए भी जरूरी सुधार करने का प्रावधान किया गया है।

# उत्तर की हवा लेकर आएगी ठंड, तीन दिन बाद महसूस होगा असर



■ शुरू होगा रात के तापमान में गिरावट का दौर, अभी बादलों का ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बादलों की वजह से रात के न्यूनतम तापमान के गिरावट में लगा ब्रेक तीन दिन बाद हटने के आसार हैं। उत्तर से निचले स्तर पर आने वाली हवा से रात के तापमान में गिरावट आने की संभावना है। इससे उत्तर के साथ मध्य इलाके में भी ठंड बढ़ने के आसार बन रहे हैं। अभी रात की अवधि में हो रही बढ़ोतरी ही ठंड का माहौल बना रही है।

मौसम विभाग के विशेषज्ञों के अनुसार, अभी वातावरण में थोड़ी नमी मौजूद है, जो निचले स्तर पर बादल तैयार कर रही है। इसकी वजह से रात के साथ दिन के तापमान पर भी ब्रेक लगा हुआ है। इसकी वजह से दिन में छाए बादल गर्मी से राहत दिला रहे हैं, मगर रात ठंड भी नियमित रूप से नहीं बढ़ पा रही है। अनुमान है कि अगले दो दिन तक मौसम में बड़ा बदलाव होने की उम्मीद नहीं है। इसके बाद राज्य में आने वाली हवा की दिशा में बदलाव होगा। उत्तर से आने वाली हवा सामान्यतः ठंडी और शुष्क होगी, जिसके असर से तापमान में गिरावट आने और रात में ठंड का असर बढ़ने की संभावना बन रही है। माना जा रहा है कि इसके बाद ठंड का प्रभाव बढ़ता हुआ महसूस होगा।


शुक्रवार को रायपुर में छाए बादल और हवा का प्रभाव ज्यादा होने की वजह से दिन में हल्की ठंड महसूस हुई। तापमान 32.5 डिग्री तक पहुंचा, इसके पूर्व रात का पारा 19.6 डिग्री तक ही लुढ़का। अभी शहर में सुबह के वक्त हल्की ठंड का अहसास हो रहा है।

### पंद्रह दिन से विक्षोभ नहीं

नवंबर माह में अक्सर काफी संख्या में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होते हैं, जो प्रदेश के मौसम में बदलाव करते हैं। इस नवंबर के साथ बीते पंद्रह दिनों में एक भी विक्षोभ सक्रिय नहीं हुआ। माना जा रहा है कि अगर इस तरह का सिस्टम नहीं बनता है तो ठंड का प्रभाव अधिक रह सकता है।

# सप्रे स्कूल में 15 कंप्यूटरों का कक्ष तैयार विद्यार्थी होंगे लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



■ शाला विकास समिति की पहल पर सन एंड सन ग्रुप ने किया सहयोग

राजधानी के सप्रे स्कूल में शाला विकास समिति के अध्यक्ष हरख मालू एवं कंप्यूटर लैब के संयोजक प्रमित नियोगी के अथक प्रयासों से 15 कंप्यूटरों का एक सुसज्जित कक्ष तैयार हो गया है। चुनाव आचार संहिता हटते ही इसका विधिवत शुभारंभ होगा।

शाला विकास समिति के अध्यक्ष हरख मालू ने बताया, शाला परिवार की ओर से इसकी जरूरत बताई गई थी, सामाजिक व शैक्षणिक सरोकार से जुड़े कई कार्यों में सहयोग करने वाली शहर की प्रतिष्ठित संस्थान सन एंड सन ग्रुप के शर्मा परिवार की ओर से सहयोग मिला स्वर्गीय लक्ष्मीकांत, स्वर्गीय कैलाश चंद्र, स्वर्गीय बृजमोहन शर्मा की स्मृति में उन्होंने सर्वसुविधायुक्त कंप्यूटर कक्ष निर्माण के लिए यह सहयोग किया है। इस कक्ष में 15 कंप्यूटर लगाए गए हैं। 30 छात्र-छात्राएं एक साथ बैठ सकें, इसलिए 30 कुर्सियां लगाई गई हैं। हाईस्कूल के बच्चों को कंप्यूटर संचालन की जानकारी भी प्रशिक्षित टीचर देंगे। ग्रेनाइट टेबल के साथ कंप्यूटर की सुरक्षा के लिए एसी भी लगाए गए हैं। कंप्यूटर कक्ष मात्र दस दिन में तैयार हो गया। शाला विकास समिति के सदस्य महादेव नायक एवं सतीश सोनी ने बताया, स्कूल के अंग्रेजी हिंदी माध्यम छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए कंप्यूटर कक्ष का निर्माण किया गया है। शाला विकास समिति की सचिव एवं प्राचार्य डा. अन्नपूर्णा श्रीवास्तव ने बताया, छात्र-छात्राओं के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा सन एंड सन ग्रुप के शर्मा परिवार के सौजन्य से शाला को प्राप्त हुआ है, इसके लिए शाला परिवार उनका आभारी है।

# आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर में पत्रकारों-परिजनों ने कराई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



■ प्रेस क्लब में लगाया शिविर, दवा भी निशुल्क वितरित

रायपुर प्रेस क्लब एवं श्रीधर औषधालय व पंचकर्म केंद्र रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार 8 नवंबर को दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक निशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन रायपुर प्रेस क्लब स्व. मधुकर खेर स्मृति भवन मोतीबाग में किया गया। शिविर में डॉ. अभिषेक शर्मा, एमडी, पंचकर्म बेंगलुरु, डॉ. गुलशन कुमार सिन्हा, आयुर्वेद चिकित्सक द्वारा जोड़ों का दर्द, घुटना दर्द, कमर दर्द, गठिया वात, पंचकर्म संबंधी समस्त परामर्श एवं नाड़ी परीक्षण किया गया। शिविर में निशुल्क आयुर्वेदिक दवाईयों का वितरण भी किया गया। शिविर में प्रेस क्लब के 80 से अधिक सदस्यों और उनके परिजनों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया।

प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर ने बताया कि प्रेस क्लब सदस्यों और उनके परिजनों के स्वास्थ्य की चिंता उनकी प्राथमिकता में है, इसलिए लगातार स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। आयुर्वेद चिकित्सा की प्राचीनतम तकनीक है। इससे कई असाध्य रोगों से छुटकारा मिलता है। इसी को ध्यान में रखकर आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। प्रेस क्लब सदस्यों और उनके परिजनों के लिए आने वाले दिनों में इस तरह के और भी शिविर आयोजित किए जाएंगे।

शिविर के आयोजन के लिए प्रेस क्लब अध्यक्ष श्री ठाकुर, महासचिव डॉ. वैभव शिव पांडेय, उपाध्यक्ष संदीप शुक्ला, कोषाध्यक्ष रमन हलवाई, संयुक्त सचिव तृप्ति सोनी, अरविंद सोनवानी ने श्रीधर औषधालय एवं पंचकर्म केंद्र का आभार व्यक्त किया।

# धान खरीदी शुरू होने से पहले करना था फसलों का सत्यापन

■ 50 हजार खसरा में 20 हजार भी नहीं हो पाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 14 नवंबर से शुरू होने जा रही है। इसके पूर्व किसानों की फसलों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है, जिसकी जिम्मेदारी पटवारियों को सौंपी गई है।

रायपुर जिले में गिरदावरी रिपोर्ट के अनुसार 11 लाख खसरा भूमि पर धान की फसल लगाई गई है। इनमें से 5 प्रतिशत यानी 50 हजार 5 सौ खसरा नंबरों की फसलों का पटवारियों द्वारा लाइव फोटो खींचकर विभाग के पीवी एप में अपलोड कर इसका सत्यापन किया जाना था, लेकिन सूत्रों के अनुसार अब तक करीब 20 हजार खसरा फसलों का ही सत्यापन किया गया है, जबकि धान खरीदी को शुरू होने में अब मात्र 5 दिन ही शेष हैं। ऐसे में इतने कम समय में फसलों का भौतिक सत्यापन करना पटवारियों के लिए आसान नहीं होगा।

## पटवारियों को 31 अक्टूबर तक करना था फसलों का सत्यापन



### सत्यापन का काम जारी

गिरदावरी रिपोर्ट के अनुसार 11 लाख खसरों में 5 प्रतिशत खसरों की फसलों का पटवारियों द्वारा भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है। 31 अक्टूबर तक काम खत्म करने निर्देश जारी हुए थे। यह काम पूर्ण नहीं हो पाया है, इसलिए सत्यापन का काम अभी जारी है।

**- भूपेंद्र कुमार मिश्रा,** जिला खाद्य नियंत्रक रायपुर

### इस कारण से कराया जा रहा भौतिक सत्यापन

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि फसलों का भौतिक सत्यापन करने के पीछे दो प्रमुख कारण है। इनमें एक गिरदावरी के दौरान किसानों की कृषि भूमि की जो रिपोर्ट तैयार की गई है, वह फसलों के भौतिक सत्यापन से प्रमाणित होगी, वहीं दूसरा धान उपार्जन के दौरान धान की री-साइकलिंग को नियंत्रण किया जा सकेगा।

### इस तरह करना है भौतिक सत्यापन

पटवारी को भौतिक सत्यापन के लिए चयनित गांव में जाकर एप के जरिए खसरा नंबर की फसल का अलग-अलग दो कोण से सेल्फी फोटो या किसी दूसरे व्यक्ति के माध्यम से फसल के साथ खुद की फोटो खींचकर पीवी एप में अपलोड करना है। इस फोटो के साथ खसरा नंबर, ग्राम, ब्लॉक एवं किसान का नाम का विवरण भी अपलोड करना है।

### पटवारी कर रहे आनाकानी

विभागीय सूत्रों के अनुसार धान खरीदी से पूर्व जिले में 50 हजार खसरा भूमि फसलों का भौतिक सत्यापन की जिम्मेदारी जरूर पटवारियों को सौंपी गई है, लेकिन यह काम करने में पटवारी आना-कानी भी कर रहे है। यही कारण है कि 31 अक्टूबर तक जिले में बमुश्किल से करीब 37 से 40 प्रतिशत ही फसलों का भौतिक सत्यापन हो पाया है।

## बिजनेस साइट

# एसआरयू में 'भारतीय ज्ञान प्रणाली' पर राष्ट्रीय कार्यशाला



**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के अर्थशास्त्र विभाग कला संकाय द्वारा 'भारतीय ज्ञान प्रणाली' पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में 200 से अधिक विद्यार्थी और शोधकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों प्रो. रविंद्र के. ब्राह्मे और प्रो. गोवेर्धन भट्ट ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला का स्वागत भाषण यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. एसके सिंह और कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा ने दिया। कुलपति प्रो. सिंह ने कहा कि यह आयोजन भारतीय ज्ञान प्रणाली, प्राचीन ज्ञान, बुद्धिमत्ता एवं विभिन्न नवीन शैक्षणिक प्रणालियों के लिए एक विस्तृत श्रृंखला है। कार्यशाला में प्रमुख रूप से प्रति कुलाधिपति हर्ष गौतम, प्रो. आरआरएल बिराली, संयोजक डॉ. पुष्पा भारती दत्ता, आयोजन सचिव डॉ. अर्चना तुपट, सहायक प्रोफेसर डॉ. नरेश गौतम सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# वस्त्रम विकास में पूरे परिवार के लिए वैवाहिक वस्त्रों का आधुनिक संग्रह

**रायपुर।** शहर की प्रतिष्ठित फैमिली फैशन शॉप वस्त्रम विकास ने आगामी वेडिंग सीजन के लिए मेन्स व लेडिस वियर की विशाल रेंज पेश की है। वैवाहिक अवसरों पर सबसे बड़ा सवाल यही होता है कि क्या पहना जाए और क्या नहीं। इस दुविधा से बाहर निकलने के लिए वस्त्रम विकास में फैशन ट्रेंड्स को ध्यान में रखते हुए एथनिक वियर की विशेष विविधताएं उपलब्ध हैं। संस्थान के संचालक केपी देवांगन ने बताया कि वस्त्रम विकास विगत 29 वर्षों से रायपुर सहित पूरे प्रदेश के कई परिवारों के फैशन की डिमांड को पूरा करता आया है। इसी कड़ी में आगामी वैवाहिक सीजन को देखते हुए कई प्रकार के वस्त्रों की बेहतरीन डिजाइन एवं वैरायटीज लेकर आए हैं। पुरुषों के लिए 1599 रुपए में कुर्ता-पायजामा, स्टाइलिश जैकेट के साथ मिलेंगे। इसके अलावा ब्रांडेड सूटिंग-शर्टिंग पर आधुनिक डिजाइन उपलब्ध कराई गई हैं। वस्त्रम विकास की पांच ब्रांच हैं, जो टेक्सटाइल मार्केट पंडरी, नेशनल कॉर्पोरेट पार्क जीई रोड, विकास टॉवर वस्त्रम सुंदरनगर, लक्ष्मीनारायण मंदिर रोड कोटा और पुरानी धमतरी रोड डूंडा में स्थित हैं।

VASTRAM Complete Family Wear
Vikas

## पेज 11 के शेष ...

### यह ट्रेन रहेगी...

- 14 नवंबर को दुर्ग से चलने वाली 18205 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 16 नवंबर को नौतनवा से चलने वाली 18206 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 19 नवंबर को चिरमिरी से चलने वाली 05755 चिरमिरी-अनुनपुर पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- 19 नवंबर को अनुनपुर से चलने वाली 05756 अनुनपुर- चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- 17 नवंबर से 19 नवंबर तक चिरमिरी से चलने वाली 08269 चिरमिरी-चंदिया रोड पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- 17 नवंबर से 19 नवंबर तक चंदिया रोड से चलने वाली 08270 चंदिया रोड-चिरमिरी- पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- 16 नवंबर से 19 नवंबर तक कटनी से चलने वाली 06617 कटनी-चिरमिरी मेमू स्पेशल रद्द रहेगी।
- 17 नवंबर से 20 नवंबर तक चिरमिरी से चलने वाली 06618 चिरमिरी-कटनी मेमू स्पेशल रद्द रहेगी।

### बेखौफ हुए अपराधियों....

कई पुलिस अफसरों ने उचित करार दिया है। एक पुराने प्रकरण में दुर्ग क्राइम ब्रांच की टीम अमित को गिरफ्तार करने के लिए गई थी। इसकी अमित को भनक लग गई। इसके बाद उसने क्राइम ब्रांच टीम पर फायरिंग की। जवाबी फायरिंग में पुलिस ने अमित को ढेर किया है।

### कोरबा, चुन्नी लाल...

गोली मारने का आरोप है। बिलासपुर में अपराधिक घटना को अंजाम देने के बाद चुन्नी कोरबा पहुंचा था। इसकी जानकारी पुलिस को मिल गई। पुलिस ने चुन्नी लाल को सरेंडर करने के लिए कहा। जवाब में चुन्नी लाल ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग में चुन्नी लाल को ढेर किया।

### प्रदीप उपाध्याय आत्महत्या मामले...

उपलब्ध कराएं। उपाध्याय आत्महत्या मामले में पुलिस को जो सुसाइड नोट मिला है, उसमें तत्कालीन अपर कलेक्टर बीबी पंचभाई, गजेंद्र सिंह ठाकुर, तत्कालीन एडीएम एवं वर्तमान एडीएम देवेंद्र पटेल एवं जिला कलेक्टर के स्टेनो का नाम भी शामिल है। पत्र में इन सभी अधिकारियों पर आरोप है कि वे सभी कलेक्टर के समक्ष बार-बार उनकी छवि को खराब कर प्रताड़ित किया करते थे। पत्र में यह भी लिखा है कि उसकी मौत के बाद जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

पुलिस जांच में इस सुसाइड नोट मिलने के बाद शासकीय कर्मचारियों में अधिकारियों को लेकर नाराजगी देखी जा रही है। प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ रायपुर ने इस सुसाइड नोट को लेकर शासन के आला अधिकारियों से लेकर मंत्री को ज्ञापन सौंपकर इस मामले की जांच कराने की मांग की थी। इस मांग को लेकर शासन ने अब इस मामले में जांच के निर्देश दिए हैं। विदित हो कि उपाध्याय आत्महत्या घटना के बाद से शासकीय कर्मचारियों के साथ ब्राम्हण समाज में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। इस घटना के बाद से लेकर कर्मचारियों के अलावा ब्राम्हण समाज के लोग भी इस मामले की जांच के लिए कलेक्टर से लेकर शासन के अधिकारियों एवं मंत्रियों को ज्ञापन सौंप चुके हैं।

**खबर संक्षेप**

### प्रायवेट प्रेक्टिस पर आईएमए ने दिया सुझाव

**रायपुर।** सरकारी अस्पतालों के प्रायवेट प्रेक्टिस पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की तरफ से रायपुर अध्यक्ष डा. राकेश गुप्ता, महासचिव दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री सहित विभागीय अधिकारियों को सुझाव प्रेषित किया है जिसमें चिकित्सकों को आकर्षित करने के लिए शासकीय सेवा शर्तों में आवश्यक सुधार की आवश्यकता बताई है। इसके अलावा निजी प्रेक्टिस को पर बंदिश के नियम का फिर से आंकलन करने की मांग की है।

### मरीज के अटेंडरों से सफाई नर्स और आया निलंबित

**रायपुर।** बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर सिविल अस्पताल में एक मरीज के परिजनों से सफाई कराने के मामले को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने गंभीरता से लिया है। मामले की जानकारी मिलने पर स्वास्थ्य विभाग बलरामपुर को इसकी जांच करने के निर्देश दिए गए थे। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी की रिपोर्ट पर बलरामपुर जिले के कलेक्टर ने स्टाफ नर्स अमिता मिंज और वार्ड आया अनिता सिंह को निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में दोनों का मुख्यालय जिला अस्पताल बलरामपुर रामानुजगंज किया गया है।

### झेरिया यादव समाज का दीपावली मिलन आज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज महानगर इकाई रायपुर का दीपावली मिलन कार्यक्रम यादव सामाजिक भवन महादेवघाट रायपुरा में रविवार को दोपहर 2 बजे से रखा गया है। शहर जिला अध्यक्ष सुंदरलाल यादव ने समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों से अनुरोध किया है कि कार्यक्रम में समय पर पहुंचें।

### निगम आयुक्त ने लिया सौंदर्यीकरण की प्रगति का जायजा

**रायपुर।** नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने शुक्रवार को जीई मार्ग साइंस कॉलेज के समीप से गोल चौक तक प्रगतिरत मार्ग सौंदर्यीकरण कार्य सहित वीआईपी रोड, फुण्डहर चौक, केनाल लिंकिंग रोड, विधानसभा मार्ग समेत विभिन्न प्रमुख मार्गों में निर्माण कार्यों की जानकारी अधिकारियों से ली एवं उन्हें मार्ग सौंदर्यीकरण शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जीई रोड एवं साइंस कॉलेज के समीप से गोल चौक रोहिणीपुरम तक कराए जा रहे मार्ग सौंदर्यीकरण एवं सुंदर आर्ट वर्क के कार्य की जानकारी लेकर रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के संबंधित अधिकारियों को शीघ्रता से कार्य पूर्ण करने कहा है।

# विभागीय प्रक्रिया में उलझा चिकित्सा अधिकारियों का बढ़ा वेतन, इंतजार के छह साल में कई रिटायर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

तीस साल की सेवा पूरी कर चुके चिकित्सा अधिकारियों को द्वितीय समयमान वेतनमान का लाभ पिछले छह साल से विभागीय प्रक्रिया में उलझकर रह गया है। बढ़े वेतन की बाट जोहते-जोहते कई चिकित्सक रिटायर हो चुके हैं और कुछ इस कगार पर पहुंच चुके हैं। वर्ष 2018 में जारी आदेश के मामले में पांच साल पहले फाइल चली जो पिछले आठ महीने से पात्र चिकित्सकों की सूची के मसले पर विभागीय स्तर जाकर अटक गई है।

## पांच साल बाद चली फाइल, आठ माह से पात्र चिकित्सकों की सूची पर जाकर अटकी

### मंत्री, अफसरों से मिल चुके

इस मामले में छत्तीसगढ़ राज्य चिकित्सा अधिकारी संघ तथा प्रदेश शासकीय चिकित्सक संघ इस मामले में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सहित अन्य विभागीय अधिकारियों से मुलाकात कर चुके हैं। इस मामले में जिम्मेदारों ने उन्हें वेतनमान का लाभ दिलाने का आश्वासन तो दिया है, मगर अब तक किसी तरह की ठोस पहल विभागीय स्तर पर नहीं की गई है।

### तीस साल की सेवा देने वालों को द्वितीय समयमान वेतन का 2018 में जारी हुआ



### वर्तमान में दो प्रतिशत को लाभ

जानकारी के अनुसार वर्तमान में चिकित्सा अधिकारी को प्रवर श्रेणी द्वितीय समयमान वेतनमान 15600-39100 तथा 7600 ग्रेड वेतन प्राप्त होता है। इसके साथ ही पात्र चिकित्सा अधिकारी के केवल दो प्रतिशत को नया वेतनमान का लाभ दिलाने का प्रावधान है, जिसे संशोधित किए जाने की मांग की जा रही है।

### लगातार मांग की जा रही

तीस साल की आयु पूरी कर चुके चिकित्सा अधिकारियों को द्वितीय समयमान वेतनमान का लाभ देने की मांग काफी समय से की जा रही है। इसके लिए लगातार पत्र व्यवहार भी किया जा रहा है।

- डॉ. ओपी श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष, प्रदेश शासकीय चिकित्सक एसोसिएशन

प्रभावित चिकित्सकों ने बताया कि वर्ष 2018 में शासन द्वारा तीस साल की सेवा पूर्ण कर सिविल सेवा सभी कर्मचारियों को द्वितीय समयमान वेतनमान 37400-67000 ग्रेड पे 8700 प्रदान करने का आदेश जारी किया गया था।

अन्य विभाग के द्वितीय वर्ग के कर्मचारियों को इसका लाभ मिल गया मगर स्वास्थ्य सेवा संचालनालय में सेवा देने वाले चिकित्सा अधिकारियों को इस लाभ से अब तक वंचित रखा गया है। विभागीय स्तर पर बरती जाने वाली सुस्ती को दूर करने के लिए चिकित्सा अधिकारियों ने कर्मचारी संगठन के बैनर तले इस पर काफी प्रयास किया, तो पांच साल बाद पिछले साल अक्टूबर में स्वास्थ्य विभाग के सचिव ने मामले में गंभीरता दिखाई।

# तहसील में राजस्व प्रकरणों की कछुए गति से सुनवाई, पक्षकार हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर तहसील कार्यालय में राजस्व प्रकरणों की सुनवाई कछुए गति से की जा रही है, जिसके कारण पक्षकारों को न्याय मिलने की जगह बार-बार तहसील कार्यालय के चक्कर लगाकर परेशान होना पड़ रहा है। तहसील कार्यालय में 4 हजार से अधिक राजस्व के प्रकरण लंबित हैं। इनमें एक हजार से ज्यादा प्रकरण 2 से 5 साल पुराने हैं, जबकि करीब सौ प्रकरण 5 से 10 साल पुराने हैं। इसी प्रकार करीब दो हजार प्रकरण 1 से 2 साल पुराने हैं। 50-60 प्रकरण ही ऐसे हैं, जो एक साल से कम समय से लंबित हैं। इससे पता चलता है कि तहसील कार्यालय में राजस्व प्रकरणों को किस तरह से निराकरण किया जा रहा है। हालांकि तहसील में लंबित प्रकरणों पर कलेक्टर कई बार नाराजगी जताते हुए जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दे चुके हैं, लेकिन इसके बाद भी तहसील कार्यालय में लंबित प्रकरणों के निराकरण करने में तहसीलदारों द्वारा विशेष रुचि नहीं दिखाई जा रही है। इसके परिणामस्वरूप ही तहसील में लंबित प्रकरणों का अंबार लगा हुआ है।



### कमिश्नर भी जता चुके हैं नाराजगी

तहसील कार्यालय में लंबित प्रकरणों को लेकर संभाग कमिश्नर महादेव कावरे भी नाराजगी जता चुके हैं। उन्होंने पूर्व में तहसील कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया था। इस दौरान एसडीएम कोर्ट सहित अन्य तहसीलदारों के कोर्ट का भी निरीक्षण किया था। इस निरीक्षण के दौरान एसडीएम और एक तहसीलदार के यहां लंबित प्रकरणों तथा जिन प्रकरणों में सुनवाई पूरी हो चुकी थी, उनमें ऑर्डर जारी नहीं करने पर नाराजगी जताई थी।

### जिले में करीब दस हजार प्रकरण लंबित, इनमें रायपुर में सर्वाधिक

जिलेभर के तहसील कार्यालयों में करीब 10 हजार राजस्व संबंधी प्रकरण लंबित हैं। इनमें सबसे ज्यादा रायपुर तहसील कार्यालय में प्रकरण लंबित हैं। लंबित प्रकरणों में सबसे ज्यादा एसडीएम कोर्ट में प्रकरण लंबित हैं। उनके कोर्ट में 1028 प्रकरण लंबित हैं। इनमें से दो सौ से ज्यादा प्रकरण तो 2 से 10 साल के बीच हैं, जिनका अब तक निराकरण नहीं किया गया है। इसके अलावा अन्य तहसीलदारों के कोर्ट में भी 100 से 400 के बीच प्रकरण लंबित हैं।

### पक्षकार के साथ वकील भी लगा रहे कार्यालय के चक्कर

तहसील कार्यालय में लंबित प्रकरणों पर समय पर सुनवाई नहीं होने के कारण पक्षकार भी परेशान हो रहे हैं। 15 दिन बाद पेशी मिलने के बाद भी पक्षकार जब सुनवाई में शामिल होने पहुंचते हैं, तो उन्हें यहां आने पर पता चलता है कि उनकी सुनवाई की तारीख आगे बढ़ा दी गई है। इसके कारण पक्षकारों को बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं। पेशी की तारीख बार-बार बढ़ाने से पक्षकारों के साथ उनके वकीलों को भी परेशान होना पड़ता है।

**एयरपोर्ट पर वाहनों की नाइट पार्किंग**

# दस्तावेज और चाबी सौंपने के नियम पर बवाल, ठेका रद्द करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर वाहनों की नाइट पार्किंग के लिए आरसी बुक, लायसेंस तथा चाबी सौंपने का नियम विवाद का कारण बनता जा रहा है। ऐसा नहीं करने पर वाहन मालिक को थाने के चक्कर लगाने पड़ेंगे। आरटीआई एक्टिविस्ट एसोसिएशन ने इस नए ठेका नियम को तुगलकी बताते हुए विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से इसकी शिकायत कर ठेका निरस्त करने की मांग की है।

आरटीआई कार्यकर्ता संजय ठाकुर ने आरोप लगाया है कि लागू की गई नई ठेका पॉलिसी एजेंसी के फायदे को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इसमें नियम बनाया गया है कि अगर कोई यात्री नाइट पार्किंग के दौरान वाहन की चाबी अथवा अन्य दस्तावेज नहीं सौंपते हैं तो उनकी गाड़ी माना पुलिस उठाकर ले जाएगी, यानी विमानतल जाने वाले यात्रियों को गाड़ी में अपने दस्तावेज रखने होंगे और अगर फ्लाइट पकड़ने की जल्दी मे नियम नहीं मानते तो उन्हें थाने के चक्कर लगाने पड़ेंगे।

### टर्मिनल से दूरी बढ़ा रही दिक्कत

नए टेंडर में ऑटो तथा बाइक को एयरपोर्ट टर्मिनल तक जाने पर लगाई गई पाबंदी दिक्कत बढ़ा रही है। ऐसे यात्रियों को आधा किमी. पहले बैरियर पर वाहन छोड़कर पैदल जाना होगा। भरी गर्मी अथवा बारिश के दौरान यात्रियों का टर्मिनल भवन तक पहुंचना दुखदायी होगा। इसी तरह यात्रियों को पिकअप करने वाले निजी वाहनों को दूर रखने की वजह से यात्रियों को सफर कर शहर आने पर पैदल पार्किंग तक जाना होगा। जबकि टैक्सी को इस नियम से परे रखा गया।

# दुर्ग, झारखंड के तीन तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा थाने की पुलिस ने झारखंड सहित दुर्ग के तीन तस्करों के कब्जे से तीन किलो नौ सौ ग्राम अफीम जब्त की है। जब्त अफीम की कीमत 22 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर अफीम तस्करों को कमल विहार के पास से गिरफ्तार किया है। कमल विहार के पास झारखंड के तस्कर अफीम की डिलीवरी देने आए थे, तब पुलिस ने तस्करों को घेराबंदी कर पकड़ा।

पुरानी बस्ती सीएसपी राजेश देवांगन के मुताबिक अफीम तस्करी करने के आरोप में झारखंड, गुमला निवासी मोहम्मद जासिद मिर, लेव मिंज तथा दुर्ग, जामुल निवासी जसवंत सिंह को अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। तस्कर पुलिस की पकड़ से बचने गुरुवार देर शाम अफीम की डिलीवरी देने के लिए आए थे। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक जसवंत सिंह लंबे अरसे से मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री करने का काम कर रहा है। पुलिस के अनुसार जसवंत सिंह झारखंड के अलावा पश्चिम बंगाल तथा पंजाब के रास्ते मादक पदार्थ मंगाकर बेचने का काम कर रहा था।



### ट्रक चालकों को खपाने के लिए मंगाया था

पुलिस के अनुसार जसवंत अफीम को ट्रक चालकों को खपाने के लिए मंगाया था। पुलिस के अनुसार जसवंत पूर्व में ढाबा संचालन करने का काम करता था। ढाबा संचालित करने के दौरान जसवंत का मुंबई-हावड़ा मार्ग में चलने वाले ट्रक ड्राइवरों से अच्छी पहचान थी। इसी बात का फायदा उठाकर जसवंत ट्रक ड्राइवरों को अफीम खपाने का काम करता था। पुलिस जसवंत के मादक पदार्थ मंगाने के लिंक के बारे में पड़ताल करने की बात कह रही है।

### अफीम लाने वालों को पता नहीं माल किसका

पुलिस के अनुसार अफीम लाने वाले झारखंड के तस्करों को अलग-अलग लिंक के माध्यम से अज्ञात व्यक्ति द्वारा अफीम दिया गया था। इसके अलावा उन्हें रायपुर में अफीम किसे देना है, इस बात की भी जानकारी नहीं थी। रायपुर पहुंचने के बाद तस्करों को जिन्हें अफीम की डिलीवरी देनी थी, उसके बारे में उन्हें जानकारी मिली।

डीन को सौंपी जांच रिपोर्ट सुझाव के आधार पर कमियां दूर होंगी

# आयुष्मान और न्यूरो की ओटी में हो रहे आगजनी के शिकार ट्रामा के मरीजों के ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

आगजनी का शिकार हुई आंबेडकर अस्पताल की न्यू ट्रामा यूनिट के ऑपरेशन थियेटर को तैयार होने तक वहां होने वाला ऑपरेशन आयुष्मान और न्यूरो सर्जरी विभाग के ऑपरेशन थियेटर में पूरी की जाएगी। इधर आगजनी की घटना की जांच के लिए गठित कमेटी ने अपनी रिपोर्ट डीन डॉ. विवेक चौधरी को सौंप दी है। रिपोर्ट में प्राप्त सुझाव के आधार पर सुधार कार्य पूरा किया जाएगा। आंबेडकर अस्पताल के न्यू ट्रामा यूनिट-2 वार्ड के एसी कंप्रेसर में विस्फोट की वजह से लगी आग और फैले धुएं ने वहां के एक ऑपरेशन थियेटर को पूरी तरह खराब कर दिया था। घटना के दौरान डाक्टरों की सूझबूझ और स्टाफ की सक्रियता के कारण बड़ा हादसा टल गया था। धुआं इतना गहरा था कि उसने ऑपरेशन थियेटर को पूरी तरह बेकार कर दिया है। उसके सुधार में वक्त लगने की संभावना है, क्योंकि काम शुरू करने के लिए आगजनी के बाद मामले की जांच के लिए गठित कमेटी की रिपोर्ट का इंतजार किया जाएगा। डाक्टरों की कमेटी ने अपने सुझाव के साथ रिपोर्ट मेडिकल कालेज के डीन डा. विवेक चौधरी को सौंप दी है। डॉ. चौधरी रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद उसके अनुसार आगजनी सहित अन्य अप्रिय घटना को रोकने के लिए जरूरी सुझाव देंगे।

### वैकल्पिक इंतजाम किए गए

*घटना की वजह से आने वाले मरीजों को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। जरूरतमंद मरीजों के ऑपरेशन के लिए आयुष्मान और न्यूरो सर्जरी की ओटी का उपयोग किया जा रहा है।*

*- डॉ. संतोष सोनकर, चिकित्सा अधीक्षक, आंबेडकर अस्पताल*

### अन्य सुरक्षा के उपाय भी होंगे

आगजनी की इस घटना के बाद अस्पताल में अन्य सुरक्षा के उपायों पर भी काम शुरू होने की संभावना है। अस्पताल में विभिन्न स्थानों पर लगाए गए अग्निरोधी सिस्टम को भी अपडेट किया जा रहा है। इसके साथ अस्पताल में किए जाने वाले अन्य सुरक्षा उपाय पर भी काम किए जाने के आसार हैं। इस मामले में लंबित फाइल मेडिकल कालेज स्तर पर आगे बढ़ने की संभावना है।

### समझाएंगे स्थिति की बारीकी

आने वाले दिनों में आंबेडकर अस्पताल में आगजनी सहित अन्य आपात स्थिति से निपटने के लिए पदस्थ कर्मचारियों को जरूरी एक्शन के बारे में समझाया जाएगा। इसके लिए आने वाले दिनों में एसडीआरएफ के साथ वर्कशाप का आयोजन भी किया जाएगा।

# लकड़ी गोदाम में आग लगने से हड़कंप फायर ब्रिगेड को करनी पड़ी मशक्कत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र में गुरुवार-शुक्रवार दरमियानी रात फाफाडीह स्थित एक लकड़ी गोदाम में आग लगने से हड़कंप मच गया। आग पर काबू पाने फायर ब्रिगेड की टीम को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी तह कहीं जाकर आग पर काबू पाया जा सका। आक पर काबू पाने फायर ब्रिगेड की टीम को सात घंटे से ज्यादा समय तक मशक्कत करनी पड़ी। आग लगने की वजह अब तक अज्ञात है।

पुलिस के मुताबिक फाफाडीह स्थित गली नंबर एक में आग लगने की घटना हुई है। गोदाम के अंदर लकड़ी रखी हुई थी। गोदाम गली के अंदर होने की वजह से फायर ब्रिगेड की गाड़ी अंदर नहीं घुस पाई। फायर ब्रिगेड की टीम गली के बाहर गाड़ी खड़ी कर पाइप के माध्यम से आग पर काबू पाया। आग की वजह से गोदाम का शेड नीचे गिर गया। इसके चलते आग पर काबू पाने फायर ब्रिगेड की टीम को परेशानी का सामना करना पड़ा। आग पर काबू पाने सात से आठ गाड़ियों की मदद ली गई। सुबह सात बजे के करीब आग पर काबू पाया जा सका। जहां आग लगी थी, वह किसी चांडक वकील का गोदाम बताया जा रहा है।

# एडवांस कार्डियक लाइन स्पोर्ट पर कार्यशाला

**रायपुर।** पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिक्त्सिा महाविद्यालय, रायपुर के एनेस्थेसिया एवं पेन मैनेजमेंट विभाग द्वारा बेसिक लाइफ सपोर्ट एवं एडवांस कार्डियक लाइफ सपोर्ट कार्यशाला का आयोजन मेडिकल कॉलेज के चौथी मंजिल स्थित स्किल लैब में किया जा रहा है। गुरुवार से प्रारंभ हुई इस कार्यशाला में राज्य के विभिन्न हिस्सों से चिकित्सा छात्र भाग ले रहे हैं। छात्रों को बेसिक लाइफ सपोर्ट



एवं एडवांस कार्डियक लाइफ सपोर्ट की ट्रेनिंग दी जा रही है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन द्वारा संचालित एवं प्रमाणित इस कोर्स का उद्देश्य कार्डियक अरेस्ट एवं अन्य आपात स्थिति में मरीज को वक्त पर उपयुक्त सेवा प्रदान करना है।



